हरिभूमि
# रायपुर भूमि






सड़क निर्माण कार्य में भी लावारिस गाड़ियां बन रहीं बाधा

# मल्टीलेवल से लेकर सड़कों तक लावारिस गाड़ियों की भरमार, पार्किंग-ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां जिला, पुलिस एवं नगर निगम विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर सड़कों, पार्किंग भवन, व्यावसायिक भवनों के बाहर ठेला-गुमटियां सहित अन्य अवैध कब्जों एवं लावारिस गाड़ियों को हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग से लेकर शहर के अनेकों मुख्य मार्गों पर लावारिस सहित अन्य ▶▶|शेष पेज 11 पर



### मल्टीलेवल पार्किंग में दर्जनभर फोरवीलर महीनों से खड़ी हैं लावारिस

कलेक्टोरेट के सामने करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग में करीब दर्जनभर फोरवीलर कुछ हफ्तों से नहीं, बल्कि कई महीनों से खड़ी हैं। इनमें कुछ गाड़ियां सरकारी भी हैं। ये गाड़ियां कितने लंबे समय से यहां खड़ी हैं, इसकी पुष्टि इन गाड़ियों में जमी धूल की परतें बयान कर रही हैं। इनमें कुछ गाड़ियां धूल की मोटी परत से ढक चुकी हैं। इन लावारिस गाड़ियों के कारण ही पार्किंग में स्पेस की कमी हो गई है, ▶▶|शेष पेज 11 पर

### लावारिस कार के कारण नवीनीकरण का कार्य अधूरा

*लावारिस गाड़ियां अब सड़क के नवीनीकरण कार्य में भी बाधा बन रही हैं। सुभाष स्टेडियम और शालेम स्कूल के बीच से गुजरी सड़क खराब हो गई थी। इस कारण नगर निगम ने इस सड़क पर नवीनीकरण का कार्य कराया, लेकिन इस कार्य के दौरान सड़क के एक ओर एक कंडम हालत में कार खड़ी थी। इस कार के कारण करीब 15 मीटर चौड़ी एवं 20 मीटर लंबी सड़क को निगम कर्मियों ने बिना नवीनीकरण किए छोड़ दिया, जबकि कार को हटाने की कार्यवाही करते हुए यहां नवीनीकरण किया जा सकता था।*

### राजेंद्रनगर से भाठागांव ओवरब्रिज तक सर्विस रोड पर जगह-जगह खड़ी लावारिस कारें

*राजेंद्रनगर अंडरब्रिज से लेकर भाठागांव ओवरब्रिज तक सर्विस रोड के दोनों तरफ जगह-जगह पर लावारिस गाड़ियां कई महीनों से खड़ी हैं। इन गाड़ियों को हटाने की अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। इनमें ज्यादातर गाड़ियां ट्रेवल्स एवं ऑटो सर्विसिंग सेंटर की हैं।*

### डीकेएस हास्पिटल-तहसील ऑफिस पार्किंग में भी कंडम गाड़ियां पार्क

*डीकेएस हॉस्पिटल एवं तहसील ऑफिस पार्किंग में भी कई महीनों से कंडम गाड़ियां पार्क हैं। इन गाड़ियों के कारण यहां हर दिन आने वाले आम लोगों के लिए गाड़ी पार्क करने की समस्या हो रही है। कई लोग मजबूरी में पार्किंग परिसर से बाहर सड़क तक गाड़ी पार्क कर रहे हैं, जिसके कारण यहां भी जाम की स्थिति निर्मित होती रहती है।*

## खबर संक्षेप

### शहर में रात से दो गुना हुआ दिन का तापमान

**रायपुर।** लंबाई बढ़ने की वजह से रात की तुलना में दिन का तापमान सामान्य से दो गुना हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कमजोर होने के कारण दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद आने वाला पश्चिमी विक्षोभ राज्य के मौसम को प्रभावित कर सकता है और उत्तर तथा मध्य इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा भी हो सकती है। ठंड के अंतिम दिनों में सक्रिय होने वाला पश्चिमी विक्षोभ राज्य के मौसम को प्रभावित कर रहा है। ठंड के इस सीजन में यह बात भी विशेष रही कि इस बार राज्य के किसी भी इलाके में कोल्ड डे यानी शीत दिवस की स्थिति नहीं बनी थी।

### पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, संदिग्ध हिरासत में

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने अमित सेन को हिरासत में लिया है। आरोप है कि अमित सेन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ काफी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। टिप्पणी से नाराज एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सिविल लाइंस थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया था। एनएसयूआई के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने अमित सेन के खिलाफ अपराध दर्ज किया। पुलिस ने अमित सेन को बुधवार को थाने बुलाकर उसके अकाउंट के संबंध में पूछताछ की है।

### आधा दर्जन सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** सट्टा का अवैध कारोबार, अड्डेबाजी के साथ बैंक तथा एटीएम बूथ की जांच की गई। जांच डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान पुलिस ने विजिबल पुलिसिंग करते हुए बैंक चेक करने के साथ एटीएम बूथ की जांच की। पुलिस ने अलग-अलग जगह पेट्रोलिंग करते हुए आधा दर्जन सटोरियों को सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया। साथ ही पांच बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की।

### गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पौने चार किलो गांज जब्त किया है। पुलिस ने तेलीबांधा, देवार पारा निवासी आरती तेलासी के कब्जे से गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरती द्वारा लंबे अरसे से गांजा बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरती के घर दबिश देकर जांच की, तो उसके घर से गांजा बरामद हुआ।

### सूने मकान में 15 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान से ढाई हजार रुपए नकदी सहित 15 हजार रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा, न्यू साकेत विहार निवासी आदित्य नारायण सिंह ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आदित्य ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर अलमारी में रखी नकदी तथा जेवर चोरी कर ले गया।

### मासूम के रोने चोट दिखाने पर मां ने आया के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई

# प्ले स्कूल में आया ने तीन साल की बच्ची का सिर दीवार पर पटका, कैमरे ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

हीरापुर, मोहबाबाजार स्थित प्लेस स्कूल में पढ़ने वाली तीन साल की मासूम बच्ची के साथ स्कूल की आया द्वारा छाती तथा गला में हाथ रख कर दीवार पर सिर पटकने की घटना सामने आई है। बच्ची की मां की शिकायत पर पुलिस ने प्ले स्कूल की आया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। जिस आया ने मासूम के सिर दीवाल में पटका है, उस पर आरोप है, वो प्ले स्कूल में पढ़ने वाले अन्य बच्चों के साथ बेवजह आए दिन मारपीट करती है। घटना 23 जनवरी को आमानाका थाना क्षेत्र की है।

टाटीबंध निवासी पेशे से वकील अंकिता भार्गव ने फस्टक्राई इंटेलाइटोटस प्री स्कूल एवं डेकेयर की आया माधुरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अंकिता ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को सरस्वती पूजा थी, इसलिए अंकिता अपनी बेटी को तैयार कर स्कूल लेकर पहुंची थी। भूख लगने पर अंकिता ने अपनी बेटी को उसका टिफिन खिलाया। टिफिन खिलाने के बाद अंकिता ने आया को अपनी बेटी का मुंह धुलवाकर लाने के लिए दिया।

अंकिता ने पुलिस को बताया है कि आया उसकी बेटी को लेकर आई, तो तक वह जोर-जोर से रो रही थी। इस पर अंकिता ने माधुरी से बच्चे के रोने का कारण पूछा, तो वह झूठ बोलते हुए बोली कि हेयर बैंड गिरने की वजह से बच्ची रो रही है। इसके बाद अंकिता ने अपनी बेटी से रोने का कारण पूछा, तो बच्ची ने अपनी मां को सिर की तरफ इशारा किया। अंकिता ने अपनी बेटी के सिर पर हाथ रखा तो सिर पर सूजन थी।

- पुलिस ने प्ले स्कूल की आया के खिलाफ अपराध दर्ज किया
- घटना 23 जनवरी को आमानाका थाना क्षेत्र की है
- सीटीवी फूटेज सामने आने के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने तीन साल की मासूम का उपचार कराने किसी तरह से कोई मदद नहीं की



### सीसीटीवी से हुआ खुलासा

बेटी के सिर पर सूजन देख अंकिता ने स्कूल प्रबंधन को सीसीटीवी फूटेज दिखाने के लिए कहा। फूटेज में सामने आया कि माधुरी अंकिता की बेटी को बाथरूम से लेकर लौट रही थी। तब उसने जानबूझकर बच्ची को दरवाजा की दीवाल से चिपकाते हुये अपने हाथ से धक्का देते हुये चौखट की तरफ निकली, जिससे बच्ची का सिर दीवार एवं चौखट में टकराया। सीटीवी फूटेज सामने आने के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने तीन साल की मासूम का उपचार कराने किसी तरह से कोई मदद नहीं की। बच्ची की मां स्कूल प्रबंधन से प्राथमिक उपचार कराने व्यवस्था कराने की मांग करती रह गई।

### तैयार होकर स्कूल नहीं पहुंचने पर कमरे में किया बंद

अंकिता ने घर आकर अपनी बेटी से पूछताछ की, तो मासूम ने अपनी मां को आया द्वारा आए दिन मारपीट किए जाने की जानकारी दी। इसके साथ ही अंकिता को उनकी बेटी तथा एक अन्य महिला ने बताया कि 19 जनवरी को स्कूल में ग्रांट स्टैंड प्रोग्राम था। उक्त प्रोग्राम में बच्चों को 26 जनवरी की थीम में तैयार होकर आना था। थीम के अनुसार तैयार होकर स्कूल नहीं आने पर अंकिता की बेटी तथा एक अन्य बच्चे जो थीम के अनुसार तैयार होकर स्कूल नहीं पहुंचे थे, स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के पैरेंट्स को बगैर जानकारी दिए कमरे के अंदर बंद कर दिया था। घटना के बाद अंकिता की बेटी बुरी तरह से दहशत में है।

## रविवि का प्राचार्यों को खत- जांचनी है उत्तरपुस्तिकाएं, शीघ्र भेजें प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जल्द परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए रविवि द्वारा लागू किया गया केंद्रीय मूल्यांकन सिस्टम अब विवि प्रबंधन के लिए ही सिरदर्द बनता जा रहा है। रविवि को उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करने प्राध्यापक नहीं मिल रहे हैं। मुसीबतों से घिरे रविवि ने अब संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को खत लिखा है। इसमें रविवि ने कहा है कि वे अपने यहां के प्राध्यापकों को अन्य कार्यों से मुक्त करें, क्योंकि मूल्यांकन कार्य के लिए उनकी आवश्यकता है। दरअसल, पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा पिछले शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय मूल्यांकन प्रणाली प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत मूल्यांकन के लिए रविवि में ही कक्ष निर्मित किया गया है। प्राध्यापकों को यहां आकर कॉपियां जांचनी होती है। पूर्व की भांति उन्हें उत्तपुस्तिकाएं अपने घर अथवा संस्थान जहां वे अध्यापन कार्य करते हैं, ले जाने की अनुमति नहीं होती है। रविवि द्वारा प्रति उत्तरपुस्तिका ▶▶|शेष पेज 11 पर

- केंद्रीय मूल्यांकन ने बढ़ाई रविवि की समस्या, नहीं मिल रहे जांचकर्ता

### दूसरे राज्यों में भेजी जाती थी उत्तरपुस्तिकाएं

केंद्रीय मूल्यांकन लागू होने के पूर्व तक रविवि की उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन कार्य के लिए पड़ोसी राज्यों और दिल्ली में भी भेजी जाती थी। अब यह व्यवस्था भी बंद हो गई है। निजी महाविद्यालयों द्वारा मूल्यांकन के लिए प्राध्यापक ना भेजे जाने के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि ऐसा करने से शैक्षणिक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के बाद से वर्ष में दो बार परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। प्रायोगिक परीक्षाएं, प्रोजेक्ट वर्क भी साल में दो बार करवाने पड़ रहे हैं। इन हालातों में प्राध्यापकों को मूल्यांकन के लिए रविवि भेजना संभव नहीं है।

### जो दूसरे जिलों में नियुक्त, वे ही आ रहे

रायपुर शहर के कई प्राध्यापक ऐसे हैं, जिनकी नियुक्ति शहर के बाहर जिले के दूसरे महाविद्यालयों में की गई है। आवागमन से बचने इनके द्वारा रविवि के केंद्रीय मूल्यांकन कक्ष पहुंचकर मूल्यांकन करना अधिक पसंद कर रहे हैं। इनमें वरिष्ठ प्राध्यापक भी शामिल हैं। मूल्यांकनकर्ताओं की कमी को देखते हुए पिछले सत्र में भी पूर्व व्यवस्था लागू करने की मौखिक मांग कई महाविद्यालयों ने की थी। गौरतलब है कि रविवि की कुछ विषयों की सेमेस्टर परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं, जबकि कुछ विषयों की जारी है। इनके मूल्यांकन संबंधित कार्यों के लिए ही खत प्रेषित किया गया है।

# वायरल इंफेक्शन इस बार कोरोना जैसा...चेस्ट और गले में कर रहा अटैक ठीक होने में लग रहा काफी वक्त

- इंफ्लुएंजा श्रेणी के वायरस का म्यूटेशन, दस में से चार मरीज इसी समस्या के
- लक्षण के आधार पर किया जा रहा इलाज, एंटीबायोटिक की पड़ रही जरूरत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदलते मौसम में सक्रिय होने वाले इंफ्लुएंजा श्रेणी के वायरल इंफेक्शन ने इस बार कोरोना जैसा रूप धरा है। यह मौसमी वायरस चेस्ट और गले में इंफेक्शन के रूप में अटैक कर रहा है। संक्रमण थोड़ा ताकतवर भी है, जिसकी वजह से पीड़ितों को पूरी तरह ठीक होने में दस से पंद्रह दिन का वक्त भी लग रहा है। सरकारी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग में पहुंचने वाले दस में चार मरीज इसी से पीड़ित हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लक्षण के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

मौसम के बदलाव के दौरान लोगों को बीमार करने वाला वायरस के म्यूटेशन में हर बार बदलाव होता है। इस बार यह थोड़ा-थोड़ा कोरोना जैसे लक्षण के साथ अटैक कर रहा है। चिकित्सकों के मुताबिक वायरस इस बार लोगों के चेस्ट में कफ और गले में खुजली जैसी समस्या से पीड़ित कर रहा है और मौसमी बीमारी से पीड़ित होने वाले लगभग 90 प्रतिशत लोगों को यह प्राब्लम हो रही है। इसके अलावा जुकाम और बुखार जैसी समस्या भी हो रही है। आमतौर पर इंफेक्शन बदलते मौसम में अपना असर दिखाता है और कुछ समय पर समाप्त हो जाता है। इस बार इंफेक्शन का दौर कुछ ज्यादा ही लंबा हो गया है और अस्पतालों से मौसमी बीमारी वाले मरीजों की भीड़ खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग में आने वाले ज्यादातर मरीज मौसमी बीमारी से पीड़ित हैं। इनमें कई पेशेंट ऐसे भी हैं जिनकी समस्या 15 से 20 दिन बाद भी ठीक नहीं हो रही है।

### चिकित्सकों के मुताबिक

वायरल इंफेक्शन इंफ्लुएंजा श्रेणी के होते है, समय-समय पर इसका म्यूटेशन होता है। अभी मौसमी बीमारी की शिकायतें बढ़ी हुई है। बीमारी के लक्षण के आधार पर इसका इलाज किया जा रहा है। बचाव के लिए थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

- **डा. सुभाष मिश्रा**, पूर्व नियंत्रक, महामारी रोकथाम एवं वरिष्ठ चिकित्सक

मौसमी बीमारी इस बार कुछ लंबा खिंच रही है, ओपीडी में काफी संख्या में पीड़ित पहुंच रहे हैं। गले और चेस्ट में इंफेक्शन के साथ खांसी-बुखार जैसी समस्या हो रही है। लक्षण के आधार पर उन्हें दवा दी जा रही है।

- **डा. आरके पटेल**, विशेषज्ञ मेडिसिन विभाग, आंबेडकर अस्पताल

### दवा बाजार में भी डिमांड

मौसम में बदलाव होने के बाद कफ सिरप की दवा बाजार में डिमांड पिछले महीनेभर से बढ़ी हुई है। नकली कफ सिरप का मामला सामने आने के बाद इसके उपयोग काफी दिनों तक प्रभावित रहा। इसके बाद विभागीय कार्रवाई और नामी कंपनियों द्वारा बरती जा रही सावधानी के बाद बच्चों को छोड़कर बड़े लोगों के लिए कफ सिरप का उपयोग प्रारंभ हुआ। सामान्य दिनों की तुलना में राज्य कफ सिरप की डिमांड में दस करोड़ की बढ़ोतरी हुई है।

### हर उम्र के लोग पीड़ित

चिकित्सकों के अनुसार आमतौर पर मौसमी बीमारी छोटे बच्चों को ज्यादा प्रभावित करती है। इस बार मौसमी बीमारी की समस्या से हर वर्ग के लोग पीड़ित है। वायरल इंफेक्शन की समस्या को ध्यान में रखते हुए खानपान में थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके अलावा अधिक उम्र और दूसरी तरह के गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को ऐसे दौर ज्यादा सजग रहने की जरूरत है।

## नकली दवा का मामला, सारंगढ़ के कारोबारी और एफडीए के अफसर की शहर के होटल में मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नकली एंटीबायोटिक दवा के मामले में संदेह के दायरे में आने वाले सारंगढ़ के कारोबारी और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी की राजधानी के होटल में हुई मीटिंग ने मामले में नया मोड़ ले लिया है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के बाद प्रकरण की जांच को लेकर विभिन्न तरीके की चर्चा होने लगी है। पूर्व जांच में कारोबारी के घर लाखों रुपए की दवा के साथ नकली ड्रग की

- सोशल मीडिया में वीडियो वायरल, चर्चा कई तरीके की



तस्वीर मोबाइल पर मिली थी।

गोगांव के ट्रांसपोर्ट में लावारिस मिली एंटीबायोटिक की नकली दवा के मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। मामला गंभीर होने के साथ जांच प्रक्रिया आरोपों में घिर चुकी है। इस मामले में कुछ अधिकारियों से जवाब-तलब हो रहा है, वहीं एक अधिकारी का राजधानी ▶▶|शेष पेज 11 पर

## एमडी-एमएस सीटों का वितरण, प्रथम 3 को रेडियो डायग्नोसिस, 6 को मिली जनरल मेडिसिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

काउंसिलिंग कमेटी ने मंगलवार को जारी मेरिट सूची के आधार पर बुधवार को शासकीय और निजी कालेजों में एमडी-एमएस सीटों का वितरण कर दिया। प्रथम तीन को जेएनएम कालेज की रेडियोडायग्नोसिस की सीट मिली है, वहीं चार को रायपुर और दो को बिलासपुर और अंबिकापुर में जनरल मेडिसिन की सीट मिली है। दो राउंड की प्रवेश प्रक्रिया गुरुवार 29 जनवरी से शुरू होकर 2 फरवरी तक पूरी होगी। संयुक्त काउंसिलिंग में कुल 262 सीटों का वितरण किया गया है। विवाद समाप्त होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने कम समय को देखते हुए दो राउंड का एडमिशन एक साथ पूरा करा रही है। इसके लिए बुधवार को संस्थागत आरक्षण के आधार पर शासकीय और निजी कालेजों की 262 सीटों का आवंटन किया गया। इसमें स्टेट रैंक में अव्वल और नीट रैंक में 792 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी और स्टेट रैंक के 652 तथा नीट स्कोर 136327 रैंक वाले को निजी मेडिकल कालेज में माइक्रो बॉयोलॉजी की सीट मिली। जारी आवंटन सूची के आधार पर गुरुवार से प्रवेश शुरू होकर 2 फरवरी को शाम पांच बजे तक पूरा होगा। इसके बाद आने वाले दिनों में तीसरा राउंड पूरा किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक तीसरे राउंड के लिए अपग्रेडेशन की सुविधा दी गई है मगर आवंटन के बाद सीट त्यागने वाले की पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार पूर्ववति काउंसिलिंग ▶▶|शेष पेज 11 पर

- दो दौर का एडमिशन आज से प्रारंभ, अंतिम तिथि 2 फरवरी

### सुबह 6 से शाम 4 बजे तक मंत्री बंगले के सामने डटे रहे

शिक्षक भर्ती 2023 में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग

# शिक्षा मंत्री के बंगले के बाहर धरने पर बैठे डीएड अभ्यर्थी, एक की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आमरण अनशन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने गुरुवार सुबह शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के बंगले का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान एक अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे उपचार के लिए अभनपुर के अस्पताल ले जाया गया। बेहोश हुए अभ्यर्थी की पहचान कोरिया के मृगेन्द्र राजवाड़े के रूप में हुई। डीएड अभ्यर्थी शिक्षा मंत्री से मुलाकात कराने की मांग को लेकर सुबह 6 से शाम 4 बजे तक मंत्री बंगले के सामने डटे रहे। बाद में पुलिस प्रशासन ने उन्हें वाहन में भरकर तूता के धरना स्थल ले जाकर छोड़ा। डीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग कर रहे थे। दरअसल, शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदेश भर के डीएड अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर आमरण अनशन पर बैठे हैं। गुरुवार सुबह वे अपने परिजनों के साथ शिक्षा मंत्री के ▶▶|शेष पेज 11 पर




### 24 दिसंबर से कर रहे आंदोलन

अभ्यर्थी 24 दिसंबर से लगातार अपनी मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शासन का ध्यान आकर्षित कराने आंदोलन कर रहे हैं। उनके साथ उनके परिवार वाले भी अभ्यर्थियों का हौसला बढ़ाने धरना स्थल पर चल रहे आंदोलन में सहभागी बने हैं। ▶▶|शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### सशिमं के वार्षिकोत्सव में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**तरपोंगी।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में वार्षिक उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों द्वारा गीत, कविता, नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में पूनाराम वर्मा अध्यक्ष ग्राम भारती जिला रायपुर, डोमार सिंह वर्मा कोषाध्यक्ष ग्राम भारती जिला रायपुर, स्थानीय समिति तरपोंगी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार वर्मा, संरक्षक दाऊ सुरेन्द्र कश्यप कोषाध्यक्ष तुलसी वर्मा, मेघा वर्मा, नोडल अधिकारी शिव रतन धीरही, प्रधानाचार्य तुलसी राम वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### परसदा में कल मड़ई-मेले का आयोजन

**अभनपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम परसदा(विमं.) मे ग्रामवासियो के सहयोग से भव्य मंडाई मेला महोत्सव का आयोजन 30 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। सरपंच किरण किरण साहू ने बताया कि रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा लोककला मंच चिन्हारी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

### विधायक अनुज ने किया आंबा भवन का लोकार्पण

**सिलयारी।** धरसींवा विधानसभा के ग्राम घीवरा में मेला मड़ई का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के पारंपरिक 'मड़ई मेला' उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा सम्मिलित होकर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्री राम के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की और 11.79 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का विधिवत लोकार्पण भी किया। मड़ई मेले की रौनक के बीच ग्रामवासियों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि मड़ई मेला हमर छत्तीसगढ़ के जान आय। ये ह सिर्फ मनोरंजन के साधन नई हे, बल्कि हमर पुरखा मन के परंपरा और आपसी मिलन के मेला आय। आज के ये आधुनिक जुग में घलो आप मन अपन संस्कृति ला सहेज के रखे हव, एखर बर मैं घीवरा के सबो झन ला बधाई देवत हंव। हमर सरकार घलो छत्तीसगढ़िया कला, संस्कृति और परंपरा ला आगे बढ़ाए बर संकल्पित हे।

## निधन

### विनोद कुमार बंसोर

**आरंग।** आरंग नगर के कॉलेज चौक निवासी विनोद कुमार बंसोर का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।



शनिवार को उनका अंतिम संस्कार आरंग स्थित मुक्तिधाम में पारिवारिक एवं सामाजिक जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वे तीरथ देवी के पति तथा केतन और अदिति के पिता थे। वे बेनीडीह स्कूल में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी, शिक्षक साथी, विद्यार्थी एवं परिचितजन शामिल हुए।

### नीलकंठ बंजारे

**सिलयारी।** समीपस्थ ग्राम कुथरेल (सिलयारी) निवासी नीलकंठ बंजारे (45) का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को गृहग्राम कुथरेल में किया गया। अंतेष्टि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोक संतप्त परिवार जन व आसपास गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे किशन लाल बंजारे ,हेमदास बंजारे के भतीजे और प्रदीप,खुमान, धानेश्वर , ओमप्रकाश, बुलंद,चम्मन बंजारे भईया व दुर्गेश, कामेश्वर समीर बंजारे के पिता थे।

---

**अपराध :** शिकंजे में सौदागर, नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी

# आठ लाख का गांजा एवं 700 नशीली गोलियां बरामद, दो महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





तिल्दा पुलिस ने शहर में बढ़ते नशे के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार करते हुए, एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सुखा नशा बेचने वाली 2 महिला तस्करो को गिरफ्तार कर उनके पास से 8 लाख रूपए कीमत का 73 किलो गांजा 700 नशीली गोलिया और 3 बटनवाला चाकू बरामद किया है. गांजा और नशीली गोलियाँ रखने के लिए महिलाओ ने घर के अंदर अलमारी के अंदर गुप्त अलमारी बना रखी थी. इसलिए पुलिस को नशे के सामान को जप्त करने में घंटो मशक्कत करनी पड़ी. महिलाओ के पकड़े जाने के बाद अब बुलडोजर कार्रवाई की मांग उठने लगी है ..दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओ के करवाई की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें एक बिल्डिग में गांजा रखे जाने की सुचना मुखबिर से मिली थी। पुलिस को बताया गया की शहर 22 नंबर वार्ड मैं बस्ती के बीच स्थित एक आलिशान बिल्डिंग में महिलाओं के द्वारा गांजा और नशे की गोलियां बेची जा रही है .पुलिस को यह भी बताया किया गया कि सुबह बड़ी मात्रा में गांजा और गोलियां लाई गई है .ऐसे में अगर तत्काल छापा मार कार्रवाई की गई तो माल बरामद किया जा सकता है. खबर मिलने के बाद रायपुर ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा के निर्देशन में डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में छापा मारने की रणनीति बनाई गई.और टीं आंई रमाकांत तिवारी के साथ पुलिस की एक टीम बनाई गई .जिसमें महिला पुलिस को भी शामिल किया गया।

मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले घर की घेराबंदी की. बाद में महिला पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया और शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई. पुलिस जब घर के अंदर पहुंची तो पता चला कि घर में कोई पुरुष नहीं रहता है .इसीलिए तलाशी का काम महिला पुलिस करती रही. कई घंटे मशक्कत के बाद भी जब सुखा नशा का सामान नहीं मिला तो पुलिस मायूस हो गई. तभी पुलिस की नजर घर के अंदर बनी बड़ी अलमारी पर पड़ी, उसमे से एक अलमारी में डबल कांच दिखाई दिया, जाँच करने पर पुलिस को अलमारी के अंदर एक और अलमारी दिखीऔर जब अंदर की अलमारी का कांच खोला तो पुलिस को मुखबिर की सूचना सच साबित होती दिखी. तब पुलिस ने अलमारी की बारीकी से जांच की और एक अलमारी को हटाकर जब दूसरी अलमारी को हटाया तो गांजे से भरी बोरिया पड़ी मिली. साथ बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां रखी हुई थी . वही बटन दर चाकू भी रखे मिले ,पुलिस मौके से बरामद की गई की गई. सारी सामग्री जप्त कर लिया .दोनों महिलाओ को हिरासत में ले लिया .. बताया जाता है कि महिलाओं के द्वारा क्विटलों में गांजा और गोलियां मंगवाकर शहर सहित पुरे इलाके में बेचा जाता था।

महिलाओ के द्वारा लम्बे समय से सुखा नशा का कारोबार बिना भय के किया जा रहा था .जिसकी जानकारी पुलिस को लगातार मिल रही थी. इसलिए पुलिस की नजर इस घर पर लगी हुई थी .इसी बीच मुखबिर से सुचना मिली महिलाओ के द्वारा की बड़ी मात्रा में सुखा नशा लाया गया है.महिलाए गांजा को ग्राहकों के पास बेचती इसके पहले पुलिस ने घेराबंदी कर घर में छापा मार दिया. ,डीएसपी वीरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया की दो महिलाओ को गिरफ्तार कर उनके पास से किलो गंगा कीमत नशीली गोलिया कीमत ,3 बटनवाले चाकू .मोबाईल जप्त की है .पलिस इस बात का भी पता कर रही है की गांजे को कहा-कहा खपाया जाता था।

अवैध कब्जा कर लाखों रुपए से बनाई गई बिल्डिंग से बड़ी मात्रा में हुई गांजे की गई जप्ती के बाद लोग आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे हैं। लोगों ने बताया कि शाम होते ही घर के बाहर नशेड़ियों का जमवाड़ा लग जाता है एक लाल मारुति से गांजा सप्लाई करने की चर्चा की जा रही है।

# 24 घंटे में गैस सिलेंडर चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



थाना आरंग पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी के एक मामले को रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के कुल 13 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। पूरे मामले का खुलासा डीएसपी लम्बोदर पटेल ने किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राजकुमार टंडन ने 27 जनवरी को थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम गुल्लू बस स्टैंड में स्थित उसके राजहंस च्वाइस सेंटर से अज्ञात आरोपियों द्वारा 04 नग भरे हुए एचपी गैस सिलेंडर चोरी कर लिए गए। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी अपने एक साथी के साथ नीले रंग की एक्टिवा में सिलेंडर ले जाते हुए दिखाई दिए।

रिपोर्ट पर थाना आरंग में अपराध क्रमांक 53/2026 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पतासाजी की गई। आरोपी की गतिविधियां राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में पाए जाने पर दबिश देकर कन्हैयालाल राजपाल सिंधी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपने साथी मुकेश कुकरेजा के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किए गए सिलेंडर गुढ़ियारी स्थित विकास कुमार गुप्ता की बर्तन दुकान में बेचना बताया। पुलिस ने विकास कुमार गुप्ता की दुकान से 11 नग खाली गैस सिलेंडर जब्त किए। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने महासमुंद और रायपुर जिलों में विभिन्न स्थानों से गैस सिलेंडर चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है।

आरोपी कन्हैयालाल के विरुद्ध रायपुर जिले के पुरानी बस्ती, टिकरापारा एवं देवेंद्र नगर थानों में भी चोरी के प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों में कन्हैयालाल राजपाल सिंधी (48 वर्ष), निवासी न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर विकास कुमार गुप्ता (23 वर्ष), निवासी गुढ़ियारी, रायपुर शामिल हैं। पुलिस की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में सराहना का माहौल है।

# गणतंत्र दिवस पर आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा





तिल्दा नेवरा शहर सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस भव्यता के साथ र देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर शहर के सभी चौक, सरकारी दफ्तरों के साथ निजी संस्थानों में शान से तिरंगा फहराया गया. शहर का मुख्य समारोह गांधी चौक नेवरा में हुआ जहां भाजपा के नेता राम पंजवानी ने ध्वज फहराया. राष्ट्रगान के बाद हाई स्कूल के एनसीसी के छात्रों ने मार्च फास्ट की ,ध्वजारोहण के पश्चात राम पंजवानी ने उपस्थित सभी शहर वासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सभी सेनानियों और शहीदों को नमन किया.इस मौके पर शहर के गणमान्य नागरिक नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने ध्वजारोहण किया,यहाँ नगर पालिका के सभी पार्षद उपस्थित थे. न्यायलय में मजिस्ट्रेट भावेश कुमार वटी,ने झंडा रोहण किया.ध्वज फहराने के बाद श्री वटी अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान की भावना की याद दिलाता है। उन्होंने न्यायपालिका का मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक न्याय पहुंचाना बताया।उन्होंने बेंच और बार के सहयोग से न्याय को सुलभ बनाने पर जोर दिया।इस मौके पर न्यायालय के सभी कर्मचारी.वकील उपस्थित थे ,.सासहोली हाई स्कूल में पार्षद रानी सौरभ जैन.ने ध्वजारोहण किया. उन्हने कहा कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रीय एकता का पर्व है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश संविधान की मूल भावना न्याय, समानता और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है, बींएनबी हाई स्कूल में नरेंद्र शर्मा ने झंडा फहराया..डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर भाजपा नेता सुदेश जैन ने तिरंगा फहराया .इसी तरह कांग्रेस कार्यालय में अजितेश शर्मा ,रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर सुमन झा,बाल मंदिर में अन्नपूर्णा ,भगत सिह चौक पर सुधा चौबे ,बघेल चौक पर खेमलाल वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

जबकि संत कंवर राम चौक पर सिंधु एकता समिति के तत्वाधान में आयोजित भव्य समारोह में डॉ ज्योति वाधवा ने ध्वजरोहण किया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा गणतंत्र दिवस हमारे संविधान का लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है .यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है.इस मौके पर सिंधी समाज के मुखी छमनलाल खूबचंदानी,सिंधी समाज वरिष्ठ सुंदरदास पंजवानी,चेतन छाबड़ा,दीपक मेघानी,परमानंद बालचंदानी ,प्रकाश मेघानी अभिषेक निहिचलानी,संजय ज्ञानचंदानी, दिलीप गिलानी,विनोद जेसवानी,श्याम तनवानी, मयंक मेघानी, दिनेश पजवानी ,विजय माधवानी राकेश भोजवानी,,नरेश कमलानी, अशोक रोहरा विशेष रूप से उपस्थित थे। कन्या हाई स्कूल नेवरा.मिडिल स्कूल बुधवारी बाजार और बांसटाल में भी झंडारोहण किया गया. इसी तरह हेमू कालानी चौक. दीनदयाल उपाध्याय चौक, अग्रसेन चौक. सुभाष चौक.सरकारी अस्पताल .पुलिस थाना .जनपद पंचायत. ब्लॉक शिक्षा कार्यालय. में ध्वज फहराया गया. रेलवे साइकिल स्टैंड. में भी शान के साथ झंडा फहराया गया। गणतंत्र दिवस मौके पर कई जगहों पर रंगारंग कार्यक्रम भी हुए. स्कूलों में बच्चों को पुरस्कार भी दिए गए. इस मौके पर देशभक्ति और राष्ट्रवाद के जज्बे की अनोखी तस्वीरें सामने आईं।

# धान खरीदी लिमिट बढ़ाने की मांग पर सिलियारी समिति में की गई तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

धान खरीदी के अंतिम दिनों में भी किसान समस्याओं से जूझने मजबूर है कल धान खरीदी केंद्र सारागांव,एवं सिलयारी ,पथरी के किसानों द्वारा खरीदी लिमिट नहीं बढ़ाने के कारण प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार अशोक जघेल को लिमिट नहीं बढ़ने पर चक्काजाम करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन रात्रि में ही सारागांव का लिमिट बढ़ाए गए लेकिन सिलयारी की लिमिट पर्याप्त नहीं बढ़ी जिसके कारण समिति में टोकन कटाने आए किसानों को निराशा हाथ लगी किसानों में भारी आक्रोश था किसानों ने तुरंत खरीदी बंद कराके ऑफिस में तालाबंदी कर 3घंटे तक प्रदर्शन किए जिसके बाद सारागांव में चक्काजाम का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को पूरा करने अड़े रहे इसी बीच तहसीलदार धरसीवां बाबूलाल कुर्रे द्वारा प्रदर्शन कर रहे किसानों से मिलकर तत्काल खाद्य नियंत्रक को दूरभाष से बात कर तीन बजे के पहले लिमिट बढ़ाने का आदेश देने हेतु कहा गया वादे के हिसाब से लिमिट 3बजे बढ़ाया गया अब किसानों में संतुष्टि हुई है।

**तहसीलदार धरसीवा ने लिमिट बढ़ाने का वादा किया तब प्रदर्शन समाप्त**

आज दिन भर पुलिस प्रशासन सारागांव एवं सिलयारी में सक्रिय रहे सी एस पी विधानसभा चतुर्वेदी भी पहुंच कर चर्चा किए ,किसानों में आज भारी आक्रोश देखा गया प्रदर्शन में उग्र आंदोलन की तैयारी किया जाता रहा,जिससे प्रशासन हरकत में आए किसान सरगांव में भी प्रदर्शन के लिए तैयारी कर लिए थे। किसान नेता उधोराम वर्मा ने आज सुबह से सक्रिय नजर आए किसानों द्वारा जानकारी देने पर तुरंत सिलयारी समिति पहुंच कर किसानों के साथ प्रदर्शन में समलित हुआ तथा धरसीवां तहसीलदार को धरना स्थल पर बुलाकर किसानों की समस्या को तुरंत निदान करने का अनुरोध किया जिससे प्रशासनिक अधिकारी ने तत्परता दिखाई जिससे किसानों की समस्या का समाधान हो सका।

इस अवसर पर किसान नेता पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने मांग की है कि किसानों को जहां टोकन नहीं कटा है वहां लिमिट बढ़ाए एवं खरीदी की तिथि भी बढ़ाने की माग किया है ताकि शेष बचे किसानों को कोई धान बेचने में कोई परेशानी न हो सुगमता से धान बेच सके। आज के प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से किसान विनय नायक,दिया कश्यप,दिलीप वर्मा,जगतू दास,नागेश कुमार,जय प्रकाश कश्यप, घनश्याम वर्मा,शेखर यादव,मनोज शर्मा, परमानंद चंद्रवंसी,मोहन साहू,मनोज धृतलहरे,नंदकुमार ढीढी उपस्थित थे।




## गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण

अभनपुर।गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ प्राइवेट संस्थानों में भी झंडा फहराकर राष्ट्रगीत गाया गया। इस दौरान देश के वीर जवानों को नमन किया गया। पटेल होंडा में आयोजित कार्यक्रम में संचालक एवं समाजसेवी ईश्वर पटेल ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता और संविधान के सम्मान का प्रतीक है तथा सभी नागरिकों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों एवं अतिथियों ने राष्ट्रगीत गाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गणतंत्र दिवस पर बाजे गाजे के साथ निकाली प्रभात फेरी

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा में 26 जनवरी 77 वे गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया गया , शासकीय , प्राइवेट संस्थानों सही नगर के विभिन्न चौंक चौराहों तिरंगे झंडे फहराकर देश के शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र गान किया गया । इसके पूर्व स्कूली बच्चों के द्वारा बैंड बाजे के साथ भारत माता की जयकारे लगाते गांवों में प्रभात फेरी निकाली गई , और विभिन्न स्थानों पर तिरंगा झंडे पहराने वाले स्थलों पर राष्ट्रगान गाकर एवं झंडे को सलामी देकर ध्वजारोहण नगर के प्रमुख एवं अतिथियों के हाथों से कराया गया । और अंतिम में भाषण कविता पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया । नगरपंचायत कूंरा कार्यालय परिसर , शासकीय प्राथमिक शाला परिसर , हटरी चौंक , पीएम श्री स्वामी आत्मानंदस्कूल , झंडा चौंक , अटल परिसर में कूंरा नगर अध्यक्ष गोविंद साहू के हाथों से तिरंगा झंडा फहराया गया इस मौके पर उपाध्यक्ष राजा भैया सहित समस्त पार्षदगण , अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । वही नेहरू चौंक , बाजार चौंक में कूंरा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश साहू , बगीचा पारा वार्ड 14 में जगतू देवांगन , सुभाष चौंक में योगेश साहू , सरस्वती शिशु मंदिर में सुधीर दुबे , धान खरीदी केंद्र में विधायक प्रतिनिधी पुरुषोत्तम यादव , गणेश नगर में डालेंद्र वर्मा ने ध्वजा रोहण किया । वहीं अंचल के ग्राम पंचायत धरसीवां में सरपंच साहिल खान , चरौदा में सरपंच संगीता पप्पू ध्रुव , मोहदी में सरपंच गिरधर साहू , नगरगांव पंचायत में सरपंच ऊमा उर्मा ने ध्वजा रोहण किया । इनके अलावा क्षेत्र के समस्त शासकीय अर्धशकीय सहित प्राइवेट संस्थानों में भी तिरंगा झंडा फहराकर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

# छटेरा मुनिबाबा आश्रम पहुंचे महामंडलेश्वर डॉ. प्रकाशानंद

**आरंग।** मंगलवार को नया पंचायत उदासीन अखाड़ा, ऋषिकेश से महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी प्रकाशानंद मुनि बाबा छटेरा मुनिबाबा आश्रम पहुंचे। आश्रम पहुंचने पर उन्होंने मुनि बाबा का दर्शन किया तथा महानदी में नौका विहार किया। महानदी के विशाल विस्तार और पवित्र जलराशि को देखकर वे अत्यंत प्रसन्न और अभिभूत नजर आए। इसके पूर्व महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी प्रकाशानंद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत-अभिनंदन से वे भावविभोर हो गए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के लिए विशेष रूप से न्योता भोज कराने हेतु 10 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की।



इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष रविन्द्र 'रिंकू' चंद्राकर, जनपद सदस्य (अभनपुर) विवेक तिवारी, पुराविद् शुभ्रा रजत तिवारी, श्रद्धा रजक, समाजसेवी राहुल गुप्ता, इंदरमन नारंग, विद्यालय प्रबंधन से के.के. परमाल, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू और ग्रामीण अध्यक्ष पप्पू बंजारे शामिल हुए**

# कांग्रेस ब्लाक व मंडल अध्यक्षों का पदभार ग्रहण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा रायपुर ग्रामीण अंतर्गत अभनपुर ब्लॉक के नवनियुक्त अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं मंडल कांग्रेस कमेटी अभनपुर के पदभार ग्रहण समारोह सद्भावना कुटी अभनपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण पप्पू राजेंद्र बंजारे एवं विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी मिलने की बधाई देते हुये कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा से ही संगठन और पार्टी मजबूत होगी आप सभी एकजुट होकर गांव-गांव में जाकर जनता की समस्याएं सुने और कांग्रेस की नीतियों को बताएं। जनता की आवाज को और अधिक जगाना है और आनेवाले समय में फिर से कांग्रेस की सरकार लाना है, एकता में ही ताकत है, मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने अपने उद्बोधन में वर्तमान बीजेपी सरकार के नाकामियों को बताते हुए कहा कि इस सरकार से कोई भी वर्ग खुश नहीं है अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। इस मौके पर अतिथियों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर विद्याभूषण सोनवानी एवं मंडल अध्यक्ष गण डोमेंद्र साहू, दिनेश राव अम्बिलकर, राजेश कुमार साहू, ईंदराम पांडेल, मोहन लाल साहू, सेवक राम पटेल एवं बालमुकुंद सोनकर को शपथ दिलाकर नारियल व गमछा भेंट कर उनका सम्मान किया गया साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारियों सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का सम्मान किया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रवीण साहू, यशवंत साहू, लोकमणि कोशले, उत्रसेन गहरवारे, बलविंदर गांधी, श्रीमती नीमा निंबेकर, श्रीमती सारिका साहू, श्रीमती रोशनी टंडन, श्रीमती धनेश्वरी टंडन, सुनील कौशल, सुशील शर्मा, चंद्रहास साहू, विमल साहू, तुलेश साहू , जनपद सदस्य गण, पार्षद गण, पंच सरपंच गण सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भैंसा में आम आदमी पार्टी की बैठक में चुनावी चर्चा



आरंग। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव 2028 की तैयारी को लेकर अभी से सक्रिय हो गई है। प्रदेश प्रभारी संदीप पाठक एवं सह-प्रभारी मुकेश अहलावत के मार्गदर्शन में प्रदेश कमेटी द्वारा सशक्त संगठन निर्माण को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश कमेटी अब सक्रिय होकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत संगठन खड़ा करने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल अपनी टीम के साथ विधानसभा आरंग के भैंसा जोन की बैठक में शामिल हुए। अपने उद्बोधन में जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में जनता के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए हर मुद्दे पर मजबूती से संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन के सृजन से पार्टी जनता से जुड़े हर मुद्दे पर मुखर होकर लड़ाई लड़ेगी और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करेगी। वहीं स्थानीय नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी परमानंद जांगड़े ने संगठन सृजन को प्राथमिकता देते हुए कहा कि वार्ड, ग्राम, सर्कल एवं ब्लॉक स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से संगठन का विस्तार किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल, स्थानीय नेता एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी तथा प्रदेश अध्यक्ष एससी विंग परमानंद जांगड़े, प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग इमरान खान, जिला अध्यक्ष रायपुर नवनीत सिंह नंदे, जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार भुवनेश्वर डहरिया, प्रदेश संयुक्त सचिव सुरेन्द्र बिसेन, जिला महासचिव नरेंद्र ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष सहित आरंग विधानसभा के आम आदमी पार्टी नेता द्वारिका नारंग, दीपक ओगरे, उमाकांत वर्मा, जसपाल सिंह जांगड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 8 नए साइबर थाने, पुलिस आवासीय भवनों और नवीन थानों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस मुख्यालय से वर्चुअली विभिन्न जिलों में 8 नए साइबर थानों और 255 करोड़ रुपए की लागत से तैयार पुलिस आवासीय भवनों तथा थाना भवनों का लोकार्पण किया। प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अनेक स्थानों पर साइबर पुलिस थानों की शुरुआत की जा रही है। बुधवार को जशपुर, रायगढ़ और राजनांदगांव जिलों सहित कुल 8 नए साइबर थानों का शुभारंभ किया गया है। इससे पूर्व प्रदेश के पांच जिलों में साइबर थाना संचालित हैं। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार अन्य जिलों में भी साइबर थाने स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही चार जिलों में भारत वाहिनी के कैंपस, नौ जिलों में नए थाना भवन, माना में सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की चौकी तथा आवासीय भवनों का भी लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, आज का दिन पुलिस विभाग के लिए अत्यंत सौभाग्य का है, क्योंकि 255 करोड़ रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। प्रेजेंटेशन के माध्यम से हमने देखा कि साइबर थाना, एसडीओपी कार्यालय, चौकी भवन, ट्रांजिट हॉस्टल एवं आवासीय भवन अत्यंत सुंदर और सुविधाजनक बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए संबंधित एजेंसियों की सराहना करते हुए कहा, इन सुविधाओं से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण में कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी और वे अपने कर्तव्यों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ पुलिस के रजत जयंती पदक का किया अनावरण

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस बल को समर्पित रजत जयंती पदक का विमोचन किया। उन्होंने पुलिस बल को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह पदक प्रदेश में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान की अमिट पहचान बनेगा। उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य पुलिस बल को रजत जयंती पदक प्रदान किए जाने की घोषणा की गई थी, जिस पर त्वरित अमल करते हुए आज इस पदक का विमोचन किया गया है।



### ये थे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, गृह विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, पुलिस महानिदेशक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन पवन देव, एडीजी एसआरपी कल्लूरी, एडीजी प्रदीप गुप्ता, एडीजी विवेकानंद सिन्हा, एडीजी दीपांशु काबरा, एडीजी अमित कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही वनमंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भईया लाल रजवाड़े, ललित चंद्राकर, रायमुनि भगत एवं जनप्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागी रहे।

### छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और परंपरा की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा, यह पदक छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और परंपरा की पहचान को आत्मसात करता है। पदक गोल आकार का एवं चांदी के रंग का होगा, जिसके अग्र भाग में साल वृक्ष तथा पीछे के भाग में पहाड़ी मैना का उभरा हुआ चित्र अंकित रहेगा और इसे रिबन के साथ धारण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बनाया कनेक्ट सेंटर दीपक होंगे चेयरमैन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार संगठन के कार्यों में गति लाने के लिए प्रदेश स्तरीय कनेक्ट सेंटर का गठन किया है। तीन सदस्यीय कनेक्ट सेंटर के चेयरमैन दीपक मिश्रा बनाए गए हैं। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने जारी आदेश में कहा है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय कनेक्ट सेंटर का गठन किया गया है। यह संगठन के कार्यों को गति प्रदान करेगा। कनेक्ट सेंटर के चेयरमैन दीपक मिश्रा होंगे। वहीं पल्लवी सिंह और अशोक चतुर्वेदी को को-चेयरमैन बनाया गया है।

### आप का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन आज

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ चल 29 जनवरी को प्रदेश के हर जिले में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने बताया कि सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता के खिलाफ नए षड्यंत्र कर आत्महत्या के लिए मजबूर कर रही है। सरकार धान खरीदी 29 जनवरी को बंद कर रही हैं, 31 जनवरी तक धान खरीदने की बात कही थी। सरकार साजिश के तहत लाखों छोटे किसानों का जबरदस्ती रकबा समर्पण करवा रही है। वहीं कुछ किसानों को आज तक टोकन नहीं मिला है। आम आदमी पार्टी ने की मांग है कि धान खरीदी 28 फरवरी 2026 तक की जाए।

### अजित पवार के निधन पर सीएम और नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु पर छत्तीसगढ़ के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सीएम विष्णुदेव साय ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, उनका आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। उनका सम्पूर्ण जीवन कृषक कल्याण, जनसेवा और देश के विकास के लिए समर्पित रहा। उनका असमय देहावसान न केवल उनके परिजनों एवं समर्थकों के लिए, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है। अरुण साव ने अजित पवार को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा, उनके दुखद एवं पीड़ा दायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

### पूर्व सीएम बघेल ने किया शोक व्यक्त

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी टीएस सिंहदेव समेत कांग्रेस नेताओं ने अपनी संवेदनाओं ने व्यक्त की है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बारामती विमान हादसे में दुख जताते हुए कहा, मुझे इसकी जानकारी आज सुबह ही मिली है और इस हादसे में दुखद घटना सामने आई है। .जिसमें महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के दुखद निधन का समाचार मिला है। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है और भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

# छत्तीसगढ़ के पर्यटन को लगेंगे पंख आएगा 350 करोड़ रुपए का निवेश

फिल्म सिटी निर्माण और पर्यटन विभाग में बड़े निवेश से बंपर रोजगार की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है। आने वाले समय में पर्यटन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को नई पहचान मिलेगी। पर्यटन सचिव रोहित यादव के अनुसार इससे निवेशकों को सस्ते ब्याज पर बैंक लोन मिलेगा और राज्य सरकार सब्सिडी भी दे रही है। राज्य में इससे पर्यटन के क्षेत्र में तेज़ी से विकास हो रहा है। पर्यटन विभाग में निवेश से अब इस क्षेत्र में बंपर नौकरी और रोजगार आने वाला है। वहीं नई पर्यटन नीति के तहत अगले 5 वर्षों में 350 करोड़ रुपये का सीधा निवेश आने की उम्मीद है।

विभाग के दो साल के कामकाज और आगामी तीन वर्षों की कार्ययोजना को लेकर पर्यटन सचिव रोहित यादव और संचालक विवेक आचार्य ने प्रस्तुतिकरण दिया। पिछले दो वर्षों में पर्यटन विभाग ने कई इन्वेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे अब तक करीब 500 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। आने वाले समय में बड़े प्रोजेक्ट शुरू होंगे। वहीं नई पर्यटन नीति के तहत अगले 5 वर्षों में 350 करोड़ रुपये का सीधा निवेश आने की उम्मीद है। इसे जल्द ही कैबिनेट से मंजूरी मिलेगी। रोजगार देने के लिए हम तीन नए ऐसे केंद्र स्थापित कर रहे हैं, जहां से लोगों को प्रशिक्षित किया जाए। कौशल प्रशिक्षण के लिए हम पर्यटन से रोजगार को सीधा जोड़ रहे हैं। इसके लिए फिल्म निर्माण, आतिथ्य और पर्यटन से संबंधित तीन नए केंद्र बनाया जा रहा है।



### छत्तीसगढ़ में बनेगी फिल्म सिटी, ओटीटी शूटिंग को बढ़ावा

राज्य सरकार ने फिल्म सिटी निर्माण को मंजूरी दे दी है और हाल ही में भूमिपूजन भी हो चुका है। यहां रामोजी फिल्म सिटी की तर्ज पर रेडीमेड सेट (पुल, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, झरना आदि) तैयार किए जाएंगे, ताकि फिल्म और ओटीटी शूटिंग आसान हो सके. बहुत सारे ऐसे विकल्प रखे जाएंगे जो कन्वेंशन सेंटर की तरह हो।

### होम-स्टे नीति से स्थानीय लोगों को फायदा

होम-स्टे नीति के तहत यदि कोई व्यक्ति अपने घर में कमरे बनाकर पर्यटकों को ठहराता है, तो सरकार उसे सब्सिडी दे रही है। फिक्की के साथ मिलकर इसके लिए देशभर में छत्तीसगढ़ पर्यटन का प्रचार किया जा रहा है। वहीं होटल और रिसॉर्ट की संख्या में भी बड़ा इजाफा हुआ है. पहले जहां राज्य में सिर्फ 30 होटल/रिसॉर्ट पंजीकृत थे, अब यह संख्या 300 से अधिक हो चुकी है। इससे पर्यटन व्यवसाय में तेज़ी आई है।

### भोरमदेव मंदिर के विकास के लिए 145 करोड़ की मंजूरी

भोरमदेव मंदिर के विकास के लिए भी 145 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, इसके आसपास के 5 अन्य पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जाएगा।

### युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण और रोजगार

आईआईटी ग्वालियर से टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 45 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। फिल्म, आतिथ्य और पर्यटन से जुड़े 3 नए ट्रेनिंग सेंटर, 3000 से ज्यादा युवाओं को होटल, रिसॉर्ट और होम-स्टे के लिए ट्रेनिंग।

### जगदलपुर में बनेगी फाइव-स्टार टेंट सिटी

जगदलपुर में फाइव स्टार प्रीमियम टेंट सिटी विकसित की जा रही है, इसके लिए निजी निवेशकों से बातचीत चल रही है। पर्यटन बढ़ने से हजारों लोगों को इस तरह रोजगार मिलेगा। जिन लोगों को इससे फायदा होगा उनमें होटल स्टाफ, टूरिस्ट गाइड, टैक्सी ड्राइवर, फूड स्टॉल, स्थानीय व्यवसाय वाले भी शामिल हैं।

### राम दर्शन योजना से 42,500 श्रद्धालु लाभान्वित

राज्य सरकार की राम दर्शन योजना के तहत अब तक 50 ट्रेनों से लगभग 42 हजार 500 लोग अयोध्या दर्शन कर चुके हैं। यह योजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

# सरकारी गोदामों में घटिया अनाज मिला तो जिला प्रबंधक होंगे जिम्मेदार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ नान मुख्यालय में अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने ली समीक्षा बैठक

नागरिक आपूर्ति निगम मुख्यालय नवा रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों से आये जिला प्रबंधकों एवं तकनीकी अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने सभी जिला प्रबंधकों से कहा, खाद्यान्न की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गोदामों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। यदि किसी भी जिले में खाद्यान्न के गुणवत्ता की शिकायत सही पायी जाती है, तो संबंधित जिला प्रबंधक पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने कहा, सभी जिलो में खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि हितग्राहियों को समय पर राशन मिल सके। राशन के भंडारण के लिए गति बढ़ाकर काम करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि चावल की गुणवत्ता निर्धारित मापदण्ड अनुसार हो, जिसका निर्देश मुख्यालय द्वारा समय-समय पर जारी किया जाता है। उन्होंने निगम मुख्यालय के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सभी एरिया ऑफिसर अपने प्रभार जिलों का आकस्मिक निरीक्षण करें तथा दौरे का निरीक्षण प्रतिवेदन से मुख्यालय को अवगत करायें। नान के अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश के अधिकारियों/कर्मचारियों के समस्या निराकरण हेतु एक अधिकारी की भी नियुक्ति करें। बैठक में निगम मुख्यालय से अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक, इफ्फत आरा, राजेश सिसोदिया कार्यपालन संचालक, संदीप अग्रवाल कंपनी सचिव हेमंत मत्स्यपाल, एजीएम महेन्द्र साहू, एजीएम (सूचना प्रणाली) एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घर बैठे फेस एप से ईकेवायसी

**रायपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत पात्र सभी राशनकार्डधारी एवं उनके सदस्यों का आधार आधारित ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। वृद्ध, असहाय एवं अस्वस्थ कई राशन कार्ड सदस्यों का बायोमेट्रिक प्रणाली से ईकेवायसी नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोग फेस एप के माध्यम से घर बैठे चेहरे के माध्यम से केवायसी करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के अनेक राशन कार्ड धारकों के फिंगरप्रिंट स्पष्ट न होने के कारण बायोमेट्रिक आधारित केवायसी नहीं हो पा रहा है।

# जनजातीय समुदायों की सुनवाई के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचा राष्ट्रीय एसटी आयोग

**साय सरकार जनजातियों के हित में कर रही सराहनीय कार्य : डॉ. लकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा, आयोग जनजातीय समुदायों का संरक्षण और संवर्धन करता है। आयोग के प्रतिनिधि देशभर में राज्य, जिला, ब्लॉक और गांव स्तरीय पर जाकर वहां जनजातीय समुदायों से मिल रहे हैं, उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं तथा त्वरित गति से समाधान के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

इसके साथ ही क्षेत्र में इन समुदायों की समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध में राज्य और केन्द्र सरकार को अवगत भी कराया जा रहा है। क्षेत्र में जनजातियों समुदायों के संबंध में मिली जानकारी से राज्य और केन्द्र सरकार को भी रिपोर्ट सौंपी जाएगी।



आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने कहा, छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार जनजातियों के हित में सराहनीय कार्य कर रही है, उनके नेतृत्व में केन्द्र तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, परंपरा के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन योजना, धरती आबा, ग्रामीण उत्कर्ष अभियान आदि के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे अपने प्रवास के दौरान आज भिलाई स्थित ट्रिपल आईटी और रायपुर के एनआईटी कैंपस का दौरा किया और दोनों संस्थानों के निदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारी, प्रोफेसरों से समीक्षा बैठक हुई।

### इन मामलों की ले रही जानकारी

राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. लकड़ा ने कहा, ऐसे जनजातीय समुदाय जिन्होंने किसी कारखानों, संस्थानों, उद्योगों के लिए अपना जमीन दिया है उन्हें क्या लाभ हो रहा है, इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। यहां पर चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्तियों की भी समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार जनजातीय क्षेत्रों के संरक्षण के लिए एफआरए कानून लाया है, इसके तहत इन वर्गों को किस तरह से लाभ मिल सकेगा इसकी भी समीक्षा की जा रही। उन्होंने बताया कि पेशा कानून के तहत 5वीं अनुसूची के अंतर्गत आने वाले नियमों के पालन की भी जानकारी ली जा रही है।

# भूमि गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

राजीव गांधी चौक पर धरना, बीन बजाकर मंत्री ओपी चौधरी को जगाने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा भूमि की गाइडलाइन दरों में लगभग 400 प्रतिशत तक की बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राजीव गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के पुतले के सामने बीन बजाकर उन्हें नींद से जगाने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में मांग की कि भूमि की गाइडलाइन दरों में की गई बढ़ोतरी तत्काल वापस ली जाए,पुरानी दरें बहाल कर आम जनता, किसान और मध्यम वर्ग को राहत दी जाए। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, भाजपा सरकार और उसके वित्त मंत्री गहरी नींद में हैं। गाइडलाइन दरें बढ़ाकर आम आदमी और किसानों पर सीधा अत्याचार किया जा रहा है। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि श्री चौधरी की दी हुई अवधि कब की पूरी हो चुकी है। यह जानते हुए भी कि रजिस्ट्री की संख्या कम हो चुकी है,फिर भी सरकार की हठधर्मिता समझ से परे है। ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, कृषि भूमि की गाइडलाइन बढ़ने से किसानों की जमीन बिकना असंभव हो जाएगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था इससे बर्बाद होगी।

### चाकूबाजी की घटना के विरोध में कांग्रेसियों ने किया मुजगहन थाने का घेराव

जिले में लगातार बढ़ते अपराध जुआ, सट्टा एवं बढ़ते नशे के कारोबार के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने मुजगहन थाने का घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, पुलिस की निष्क्रियता के कारण नशे की सामग्री लोगों को आसानी से मिल रही है, जिसके कारण अपराध में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये कहा, पुलिस की निष्क्रियता के कारण शाम होते ही असामाजिक तत्व खुलेआम नशाखोरी करते हैं और उनके पास चाकू पिस्तौल जैसे हथियार रखना आम बात हो गई है। नशे के कारण छोटे-छोटे विवाद पर भी चाकू और हथियार के इस्तेमाल तक पहुंच गये हैं। मुजगहन थाना इलाके में दो दिन पहले चाकूबाजी की घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है, जिसके कारण आमजनता में भारी आक्रोश है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे ने कहा, पुलिस की अक्षमता के कारण रायपुर जिला अब चाकूपुर कहला रहा है।



**संस्कृत महाविद्यालय का मामला, छात्रसंघ ने कहा- सभी को मिले बराबर मंच**

# रविवि के बाद अब महाविद्यालयों पर संस्था विशेष को प्राथमिकता देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शैक्षणिक संस्थानों में किसी एक विचारधारा को बढ़ावा न देने की मांग को लेकर एनएसयूआई ने बुधवार को संस्कृत महाविद्यालय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई का आरोप है कि संस्कृत महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आड़ में एबीवीपी एवं आरएसएस से जुड़े व्यक्तियों को लगातार मंच प्रदान करते हुए प्राथमिकता दी जा रही है। छात्रसंगठन ने इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक पृष्ठभूमियों से आते हैं। ऐसे में किसी एक विचारधारा को थोपना छात्रों की स्वतंत्र सोच, अभिव्यक्ति की आज़ादी और संविधान की भावना के खिलाफ है। भविष्य में महाविद्यालय में सभी छात्र संगठनों और वैचारिक मतों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए तथा शैक्षणिक परिसरों को किसी भी राजनीतिक या वैचारिक प्रभाव से दूर रखा जाए।



### अलग विचारधारा का सम्मान नहीं

एनएसयूआई ने कहा, पं.रविशंकर शुक्ल विवि सहित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में एबीवीपी से जुड़े पदाधिकारियों को बार-बार कार्यक्रमों में मंच और पहचान दी जा रही है, जबकि अन्य छात्र संगठनों और अलग विचार रखने वाले छात्रों को समान अवसर नहीं मिल पा रहा। इससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि शैक्षणिक संस्थानों में किसी एक विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है। एनएसयूआई उपाध्यक्ष पुनेश्वर लहरे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय प्राचार्य से मुलाकात की। प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, मनीष बांधे, असलान शेख, शुभ मुखिया, तनिष्क शर्मा सहित एनएसयूआई के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति के अभिभाषण में बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे का जिक्र, सांसद पाण्डेय ने जताया आभार

**राष्ट्रपति के अभिभाषण में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने वाला पल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता संतोष पाण्डेय ने संसद सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने अभिभाषण में बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे का जमीनी अनुभव साझा करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिए राष्ट्रपति का आभार माना है। उन्होंने कहा, बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे और वहां शांति, सुरक्षा और विकास से लौटती खुशहाली की चर्चा राष्ट्रपति के अभिभाषण में होना हम सबको गौरवान्वित करने वाला पल है। उन्होंने कहा, नक्सलवाद के खात्मे और बस्तर आंतरिक सुरक्षा और शांति पर बात करते हुए राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि माओवादियों के बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण से लाखों लोगों के जीवन में सुरक्षा और खुशहाली लौटी है। अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने अपना एक भावनात्मक अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वे 26 साल बाद बीजापुर के एक दूरदराज गांव पहुंचीं, तो वहां के लोगों की खुशी देखने लायक थी। यह इस बात का प्रमाण है कि विकास अब अंतिम छोर तक पहुंच रहा है।



### हथियार छोड़ चुके व्यक्ति अब लोगों की सेवा कर रहे

अपने अभिभाषण में उन्होंने 'बस्तर ओलंपिक' की भी तारीफ की, जिसमें वहां के युवा अब हथियारों के बजाय खेलों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण का जिक्र करते हुए बताया कि राष्ट्रपति ने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि बस्तर के युवा अब ओलंपिक में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। हथियार छोड़ चुके व्यक्ति अब लोगों की सेवा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि जो लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में जुड़े हैं उनका जीवन पटरी पर लौटे। वह दिन अब दूर नहीं जब देश से आतंकवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

## खबर संक्षेप



### सांसद बृजमोहन ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग (सीपीएल-टी20) एवं छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग (सीफसीएल) की ऐतिहासिक सफलता के बाद वीर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 21 मार्च से भव्य पेशेवर क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस पेशेवर क्रिकेट टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन बुधवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए आयोजकों की सराहना की, साथ ही खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। आयोजक वीर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट चैंपियंस लीग टी20 में पेशेवर क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए व्यक्तिगत पंजीयन किया जाएगा।

### पेयजल समस्या की मांगों को लेकर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** नगर पालिक निगम की कांग्रेस महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे और महिला पार्षदों के साथ नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर आयुक्त को रायपुर के कॉलोनी, उद्यानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर वृहत मात्रा में जानवरों के जमावड़ा सहित आने वाली गर्मी में पेयजल समस्या तथा शहर की ज्वलंत मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही कांग्रेस महापौर प्रत्याशी ने चेतावनी दी है कि 15 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो निगम में जनता को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। अभी से पेयजल की समस्या कई वार्डों में शुरू हो चुकी है ब्राह्मण पारा, सदर बाजार, रविशंकर शुक्ल वार्ड, कचना सहित कई वार्डों में पेयजल की गंभीर संकट शुरू हो चुकी है, जिस पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कर उन स्थानों पर पानी दिया जाए सहित आदि मांगें है।

### कालीबाड़ी स्कूल के मेधावी छात्रों को दिया पुरस्कार



**रायपुर।** सतता सुंदरी कालीबाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय वर्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्रों का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण स्थित रविंद्र मंच में गत दिनों किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने विगत दो सत्रों के 10वीं और 12वीं बोर्ड में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले एवं विगत सत्र के राज्यस्तरीय एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्सव करने वालों छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही छात्रों को नगद पुरस्कर भी दिया गया।

# चीतल शिफ्टिंग से भड़के ग्रामीण, विरोध के कारण सफारी प्रबंधन बैरंग लौटा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नंदनवन पक्षी विहार में रहने वाले 16 चीतल को जंगल सफारी शिफ्ट किए जाने की कोशिश का स्थानीय रहवासियों ने जमकर विरोध किया। इसके चलते चीतल की शिफ्टिंग नहीं हो पाई और सफारी प्रबंधन को नंदनवन से बैरंग लौटना पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि नंदनवन विकास कार्य जब तक शुरू नहीं होगा, वे किसी भी जानवर या पक्षी की शिफ्टिंग नहीं होने देंगे।

स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया है कि जंगल सफारी जू बनने के बाद बड़े जोर-शोर से नंदनवन पक्षी विहार को विकसित करने दावा किया गया। दावों के विपरीत नंदनवन का समूचित विकास न कर अनदेखी की गई। चार माह पूर्व वन मंत्री केदार कश्यप, स्थानीय विधायक राजेश मूणत तथा पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने नंदनवन को वाइल्ड लाइफ से अलग कर रायपुर वनमंडल में देने की घोषणा की थी। बावजूद इसके नंदनवन को रायपुर वनमंडल के सुपुर्द नहीं किया गया है। इस बात को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

### पक्षियों के रजिस्ट्रेशन पर आपत्ति

नंदनवन पक्षी विहार में वर्तमान में जितने विदेशी पक्षी हैं उन पक्षियों का रजिस्ट्रेशन जंगल सफारी के नाम से है। इस बात को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है। स्थानीय रहवासियों ने वहां रह रहे पक्षियों की रजिस्ट्रेशन नंदनवन पक्षी विहार से कराए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि वन मंत्री तथा विधायक ने नंदनवन के विकास के लिए सौ करोड़ रुपए देने की घोषणा की है।



फाइल फोटो

- नंदनवन पक्षी विहार से 16 चीतल जंगल सफारी ले जाने पहुंचा था सफारी प्रबंधन
- नंदन वन के विकास कार्य शुरू नहीं होने पर किसी तरह की शिफ्टिंग नहीं होने देने की चेतावनी

### विकास कार्य के लिए 30 लाख

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार नंदनवन के विकास के लिए 30 लाख रुपए की राशि आबंटित की गई है। आबंटित राशि में से महज आठ-नौ हजार रुपए कीमत की चूहा दानी खरीदी की गई है। इसके साथ ही लाइटिंग व्यवस्था सुधारने के नाम पर स्थानीय रहवासियों ने सामान्य बल्ब लगाने का आरोप लगाया है।

## केसकाल-कांकेर के बीच बसनवाही जंगल में 300 मीटर में बन रहा एलीफेंट अंडरपास

# भारतमाला सिक्सलेन, ऊपर गाड़ियों का रेला, नीचे से गुजरेगा हाथियों का दल

ग्राउंड रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के केसकाल-कांकेर के बीच बसनवाही के जंगल में सिक्सलेन सड़क का निर्माण तेज गति से जारी है। इस सड़क पर एक स्थान पर हाथियों के दलों के गुजरने के लिए अंडरपास का निर्माण भी किया जा रहा है। इस अंडरपास का निर्माण बसनवाही-मरांगपुरी सुरंग के ठीक पहले किया जा रहा है। इस अंडरपास की ऊंचाई इतनी ज्यादा है कि इसके नीचे से हाथियों का दल आसानी से गुजर सकता है। इस तरह सिक्सलेन के ऊपर से जहां गाड़ियों का आवागमन होगा, वहीं अन्य जानवरों की तरह हाथियों के दल को भी जंगल में विचरण में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी।

### 300 मीटर का बन रहा अंडरपास

सिक्सलेन सड़क के निर्माण के लिए बसनवाही-मरांगपुरी के जंगल में पहाड़ों को तोड़कर सुरंग और सड़क बनाई जा रही है। इसके लिए यहां ब्लास्टिंग भी की गई। इस ब्लास्टिंग के दौरान करीब 300 मीटर का स्थान खाईनुमा गड्ढों में तब्दील हो गया है। इस खाईनुमा गड्ढों पर ही अब अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है। एनएचएआई के अफसरों ने बताया कि यह जंगल एलीफेंट परिक्षेत्र के रूप में घोषित है। सालों पहले इस जंगल पर हाथियों के दल को विचरण करते देखा गया था। इसके बाद ही जंगल को एलीफेंट वन परिक्षेत्र भी घोषित किया है। उन्होंने बताया कि 300 मीटर की जगह जो ब्लास्टिंग के कारण गड्ढों में तब्दील हो गई है, उस स्थान से हाथियों का दल पूर्व में गुजर चुका है। इसके मद्देनजर ही यहां अंडरपास का निर्माण किया जा रहा है, ताकि भविष्य में कभी भी हाथियों का दल यहां से गुजरता है, तो रास्ते में सड़क उनकी बाधा न बने।





### इस तरह से काम करता है क्रैश कुशन

लोहा, चेन, स्प्रिंग एवं टिन से बना क्रैश कुशन काफी मजबूत है, जो स्प्रिंग की तरह काम करता है, वाहन के टकराते ही यह सिकुड़ता जाता है। इस तरह पांच लेयर में बना क्रैश कुशन से जब भी कोई वाहन जितनी भी तेज गति से टकराता है, तो वह पांच लेयर तक सिकुड़ता जाता है। इस तरह आखिरी लेयर तक पहुंचते गाड़ी की रफ्तार भी इतनी कम हो जाती है कि वह वहीं खड़ी हो जाती है, जिससे जान और माल दोनों का नुकसान भी 50 प्रतिशत से कम होता है।

### यह क्षेत्र टाइगर कॉरिडोर घोषित

*उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत बसनवाही वनपरिक्षेत्र भी इको सेंसिटिव जोन एवं टाइगर कॉरिडोर के रूप में घोषित है। इसे देखते हुए सिक्सलेन सड़क का निर्माण में बाघों सहित अन्य जानवरों की सुरक्षा के साथ लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ख्याल रखा गया है। इसके लिए सड़क के दोनों तरफ से जानवर प्रवेश नहीं कर पाएं, इस पर विशेष फोकस करते हुए अंडरपास सड़क का निर्माण किया जा रहा है।*

### क्रैश कुशन से टोल नाका में दुर्घटना होने पर जान-माल का नुकसान कम होगा

भारत माला सिक्सलेन सड़क के टोल नाका में भी गाड़ी एवं उसमें सवार लोगों की सुरक्षा का विशेष प्राथमिकता दी गई है। सिक्सलेन में जहां-जहां टोल नाका बनाए गए हैं, वहां दुर्घटनाओं में जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए इम्पैक्ट अटेन्युएटर्स (क्रैश कुशन) भी लगाए गए हैं। ये एक प्रकार से सड़क सुरक्षा उपकरण हैं, जो टोल प्लाजा के कंक्रीट स्ट्रक्चर के सामने लगाए गए हैं। टोल नाका में अगर किसी कारण से कोई वाहन अनियंत्रित हो जाता है, तो सबसे पहले क्रैश कुशन से जाकर वह टकराएगा। इससे गाड़ी नाका के केबिन तक पहुंच नहीं पाएगी और वहीं खड़ी हो जाएगी। इस तरह 50 प्रतिशत तक जान-माल का नुकसान कम होगा।

# मध्यान्ह भोजन रसोइया आज करेंगे मंत्रालय का घेराव, दोपहर 1 बजे धरना स्थल से निकालेंगे रैली



- तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना
- दो की मौत, एक की को पैरालिसिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों के लिए रोज भरपेट मध्यान्ह भोजन पकाने वाले रसोइया पिछले एक माह से खुले आसमान के नीचे तूता स्थित धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं। ठंड के मौसम में लगातार आंदोलन के चलते इनकी तबीयत खराब होने लगी है। अब तक दो लोगों की मौत और बड़े राजपुर ब्लाक गांव बाड़ामोर की तीजन बाई मरकाम

26 जनवरी को धरना स्थल पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। उनके साथियों ने उपचार के लिए राखी गांव के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। जांच करने पर पता चला कि उसके कमर के नीचे से पैरालिसिस अटेक आया है। मध्यान्ह भोजन रसोइया अपने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी धरना दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ मध्यान्ह भोजन संयुक्त रसोइया संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के मध्यान्ह भोजन रसोइया कलेक्टर दर पर मानदेय दिए जाने, छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोइया को नौकरी से निकालने की प्रक्रिया को तत्काल बंद करने और अंशकालीन मध्यान्ह भोजन रसोइया को पूर्णकालिक करने की मांग कर रहे हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज कश्यप का कहना है कि प्रदेश भर के 87 हजार मध्यान्ह भोजन रसोइया उनके इस आंदोलन में शामिल हैं। जब तक रसोइयों की मांग पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

### मंत्रालय घेरने आज निकालेंगे रैली

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से प्रदेश भर के मध्यान्ह भोजन रसोइया दोपहर 1 बजे से बड़ी संख्या में धरना स्थल से मंत्रालय घेरने रैली निकालेंगे। रैली में उनके परिजन भी शामिल रहेंगे। पिछले 31 दिनों से मध्यान्ह भोजन रसोइया अपने लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर धरना स्थल पर डटे हुए हैं।

## शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशे का कारोबार, नौ दुकान सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शैक्षणिक संस्थानों के आसपास चाय, पान ठेला, गुमटी की आड़ में नशे का सामान बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर रायपुर नार्थ के डीसीपी मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया। अभियान के तहत अलग-अलग क्षेत्रों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत की गांजा पीने का काम आने वाले रोलिंग तथा गोगो पेपर जब्त किया है। पुलिस अफसरों के अनुसार शैक्षणिक संस्थान तथा आसपास के थाना क्षेत्रों में लंबे अरसे से गांजा पीने के काम आने वाला गोगो तथा रोलिंग पेपर बेचे जाने की शिकायत मिल रही थी। उसी शिकायत के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीम गठित कर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नौ दुकानों में गांजा पीने के काम आने वाला पेपर मिला। इसके साथ ही दो दुकानों में प्रतिबंधित हुक्का बार के सामान मिले। पुलिस ने ऐसे दुकानों को चिन्हित कर निगम अफसरों के साथ मिलकर सील किया। उन दुकान संचालकों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत पुलिस ने कार्रवाई की है।

- गांजा फूंकने काम आने वाला रोलिंग के साथ गोगो पेपर जब्त
- नार्थ जोन के डीसीपी के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई

## सिलयारी समिति में किसानों ने प्रदर्शन कर की तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। इसी कड़ी में बुधवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के सिलयारी सहकारी समिति में धान खरीदी में टोकन जारी न होने और लिमिट बढ़ाने की मांग को लेकर किसानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। किसान नेता उधोराम वर्मा को किसानों द्वारा जानकारी देने पर तुरंत सिलयारी समिति पहुंचकर किसानों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए। इसके बाद धरसीवां तहसीलदार को धरना स्थल पर बुलाकर किसानों की समस्या को तुरंत निदान करने का अनुरोध किया, जिससे प्रशासनिक अधिकारी ने तत्परता दिखाई जिससे किसानों की समस्या का समाधान हो सकें। इसी दौरान किसान नेता श्री वर्मा ने मांग की है कि किसानों को जहां टोकन नहीं कटा है वहां लिमिट बढ़ाए एवं खरीदी की तिथि भी बढ़ाने की मांग की है ताकि शेष बचे किसानों को कोई धान बेचने में कोई परेशानी न हो सुगमता से धान बेच सकें। प्रदर्शन करने वालों में विनय नायक, दिया कश्यप, दिलीप वर्मा, जगतू दास, नागेश कुमार, जय प्रकाश कश्यप आदि किसान शामिल थे।

- लिमिट नहीं बढ़ने से नाराज किसान

# मालवीय रोड की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और फुटपाथ पर अतिक्रमण ने चैंबर की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मालवीय रोड की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए फुटपाथ पर अतिक्रमण ने आम आदमी के साथ ही व्यापारिक संगठनों की चिंता बढ़ा दी है। इसी सिलसिले में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागृह में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इसमें मालवीय रोड की बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था और फुटपाथ पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर विचार मंथन हुआ। इसमें नगर निगम और पुलिस प्रशासन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। व्यापारिक संगठन के पदाधिकारियों ने बारी-बारी से अपने क्षेत्र की समस्या रखते हुए इसके त्वरित समाधान का आग्रह किया।

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में बुधवार को आयोजित बैठक में मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ ने व्यापारियों द्वारा हस्ताक्षरित एक औपचारिक पत्र सौंपते हुए बताया कि पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र में फुटपाथ विक्रेताओं और सवारी ऑटो की अनियंत्रित आवाजाही के कारण पैदल चलना दूभर हो गया है। लगातार बढ़ती ट्रैफिक समस्या और पार्किंग की कमी के कारण बाजार क्षेत्र में ग्राहकों का आना कम हो गया है, जिससे व्यापार दिन-प्रतिदिन गिर रहा है। साथ ही पार्किंग के लिए निर्धारित फुटपाथों पर अवैध रूप से व्यापार किया जा रहा है, जिससे आए दिन दुकानदारों और वेंडरों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती है। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने नगर निगम के अपर आयुक्त से चर्चा करते हुए मांग की है कि मालवीय रोड को "नो वेंडर जोन" घोषित किया जाए। उन्होंने जोर दिया कि नगर निगम और पुलिस प्रशासन के साझा सहयोग से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है।

बैठक में प्रमुख रूप से अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विवेक शुक्ला, सहायक पुलिस आयुक्त सतीश ठाकुर, रमेश येरेवार,सीमा अहिरवार एवं थाना प्रभारी यातायात डीडी मानिकपुरी, नगर निगम के अपर आयुक्त पंकज शर्मा, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर टाउन प्लानर आशुतोष सिंह, टाउन प्लानर आभाष मिश्रा, मालवीय रोड शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी, महामंत्री राजेश वासवानी, रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष धरमचंद भंसाली एवं पूर्व अध्यक्ष हरख मालू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी एवं आभार प्रदर्शन जसप्रीत सिंह ने किया।



- चैंबर भवन में अहम बैठक
- नो वेंडिंग जोन घोषित करने उठी मांग
- चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, मालवीय रोड व्यापारी संघ के पदाधिकारी, निगम कमिश्नर, पुलिस प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद

### मालवीय रोड नो वेंडर जोन होने से इस तरह से राहत

- ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और ग्राहकों को आवागमन में सुगमता होगी।
- रायपुर की इस ऐतिहासिक मंडी की रौनक फिर से वापस आएगी।
- विवादों में कमी आएगी और एक व्यवस्थित बाजार स्वरूप विकसित होगा।




# रायपुर बनेगा व्यापार का राष्ट्रीय केंद्र 20 से कैट का नेशनल ट्रेड एक्सपो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर अब व्यापार का राष्ट्रीय केन्द्र बनेगा। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कैट 20 से 24 फरवरी को राजधानी के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में नेशनल एक्सपो का आयोजन करने जा रहा है।

नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 को लेकर गुरूवार को कैट एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक कैट के प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में एक्सपो की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं व्यापारिक सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके बाद डोम एवं स्टॉल की बुकिंग तत्काल प्रारंभ कर दी गई।

इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर के बैनर तले नेशनल ट्रेड एक्सप का आयोजन 20 से 24 फरवरी तक बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर, रायपुर में किया जाएगा। यह आयोजन सेंट्रल इंडिया का अब तक का सबसे बड़ा और बहुआयामी ट्रेड फेयर होगा, जिसकी तैयारियां पिछले कई महीनों से चरणबद्ध तरीके से की जा रही थीं। श्री पारवानी ने बताया कि एक्सपो में चार भव्य डोम एवं आकर्षक ओपन स्टॉल्स बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 250 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड भाग लेंगे। इनमें रिटेल, एफएमसीजी, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, हैंडीक्राफ्ट, स्टार्टअप, एमएसएमई एवं घरेलू उत्पाद से जुड़े ब्रांड शामिल होंगे। एक्सपो का समय प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान राजधानी के विशिष्टजन, जनप्रतिनिधि, स्टॉल होल्डर्स, व्यापारी, उद्योगपति तथा कैट के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। एक्सपो में दर्शकों के आकर्षण हेतु विशेष फूड ज़ोन भी विकसित किया गया है, जहां ब्रांडेड एवं विविध स्वादों वाले फूड स्टॉल्स लगाए जाएंगे। इसके साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय एवं राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी।



- चार दिवसीय नेशनल एक्सपो को लेकर हुई बैठक, डोम व स्टाल की बुकिंग शुरू



हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





**लाइव इवेंट**

## सिंधी भाषा अमूल्य धरोहर नई पीढ़ी को सहेजना होगा



**रायपुर।** अंजनेय यूनिवर्सिटी में बुधवार को सिंधी भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार जैसे विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें समाजसेवी किशोर आहूजा विशिष्ट अतिथि थे। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने शॉल और श्रीफल भेंट करके उनका सम्मान किया। अध्यक्षता कुलपति अभिषेक अग्रवाल ने की। विशेष रूप से मंचासीन अतिथियों में शदाणी दरबार के संत उदय लाल शदानी, प्रोफेसर जे.सी अजवानी, प्रोफेसर संध्या वर्मा, सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जय सिंह, मोहित शेरवानी मौजूद थे। इनके बीच संगोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री आहूजा ने कहा कि सिंधी भाषा हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि मातृ भाषा पर गर्व करते हुए दैनिक जीवन में इसे आत्मसात करें।

### सामाजिक चेतना को बनाते हैं सशक्त

कुलपति श्री अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को सशक्त बनाते हैं। प्रोफेसर जे.सी. अजवानी एवं अन्य वक्ताओं ने भी सिंधी भाषा के इतिहास, साहित्यिक योगदान एवं वर्तमान समय में इसके संरक्षण की जरूरत पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अमित जीवन, काजल सचदेव, लक्ष्मी बजाज, नितिन कृष्णानी, चेतन तारवानी, राजू झामनानी सहित बसंत रोहरा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने भी आग्रह किया कि सिंधी भाषा को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में अपनाने की जरूरत है। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं के साथ ही कर्मचारी भी शामिल हुए।

**श्रीबालाजी दिशा कॉलेज, विप्र महाविद्यालय, बढ़ाईपारा स्कूल में एनुअल फंक्शन में छाई कला प्रतिभा**

# कॉलेज, स्कूलों में वार्षिक उत्सव की धूम छत्तीसगढ़ी, बालीवुड सॉन्ग्स पर झूमे स्टूडेंट्स

शहर के कॉलेज व स्कूलों में इन दिनों वार्षिक उत्सव की धूम मची हुई है। बुधवार को श्रीबालाजी दिशा कॉलेज, विप्र महाविद्यालय, बढ़ाईपारा स्कूल में एनुअल फंक्शन आयोजित किया गया। इसमें स्टूडेंट्स ने अपनी कला प्रतिभा से टीचर्स, पेरेंट्स, फ्रेंड्स और गेस्ट सभी को सरप्राइज किया। वहीं, छत्तीसगढ़ी लोक गीतों-नृत्यों और बॉलीवुड सॉन्ग्स पर एनुअल फंक्शन में समां बांधा। स्टूडेंट्स ने भारतीय कला- संस्कृति के विविध रंगों को सजा कर मनमोहक रूप में मंच पर प्रस्तुत कर सबका दिल जीता।

**रायपुर।** स्टूडेंट्स थीम बेस्ड आउटफिट के साथ पर सॉन्ग्स पर जमकर झूमे। इन एनुअल फंक्शन के मंच पर स्टूडेंट्स ने फैशन, सिंगिंग, डांस, एक्टिंग टैलेंट से सबको अपना फैंन बनाया। प्रतिभागी स्टूडेंट्स के कला प्रतिभा से टीचर्स, पेरेंट्स, फ्रेंड्स और गेस्ट खूब इंटरटेनिंग हुए। साथ ही सभी ने सराहना कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस तरह से स्कूल, कॉलेजों के वार्षिकोत्सव में गीत, नृत्य और संगीत का सभी ने खूब आनंद उठाया।





### कान्हा, कान्हा तोसे नैना न जोडुंगी...पे झूमा पूरा कैंपस

श्रीबालाजी दिशा कॉलेज के एनुअल फंक्शन में स्टूडेंट्स ने कला प्रतिभा का जबर्दस्त प्रदर्शन से समां बांध दिया। बॉलीवुड सॉन्ग्स, भक्ति गीतों पर सामूहिक डांस और ड्युट सॉन्ग्स की एक से बढ़कर एक कल्चरल परफार्मेंस से प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने एनुअल फंक्शन को यादगार बनाया। यह आयोजन बुधवार को शाम 5 बजे रामनगर कोटा स्थित कॉलेज कैंपस में हुआ। इसमें पहले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने कान्हा, कन्हा तोसे नैना न जोडुंगी तेरे बांसुरी की धुन पे न नाचूंगी...जट अमला, पगला दीवाना...ड्रीम गर्ल किसी शायर की गजल...गीतों पर धमाकेदार डांस की प्रस्तुति दी। इस आयोजन के मुख्य अतिथि वाइस चांसलर सच्चिदानंद शुक्ल रहे। वहीं, स्पेशल गेस्ट के रूप में चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हास्पिटल्स एंड कॉलेज एंड दिशा एजुकेशन सोसायटी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डायरेक्टर डॉ. पुष्पेंद्र नायक, सीए नितिन पटेल, डॉ. बीरेंद्र पटेल एवं डायरेक्टर तेजस नायक सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स व उनके पेरेंट्स उपस्थित रहे।



### छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य से बांधा समां

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ाईपारा में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ। विद्यालय के छात्रों द्वारा 'छत्तीसगढ़ महतारी जय हो' लोक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। वहीं, विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित विज्ञान मॉडल उनकी सृजनशीलता, जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच की सराहना हुई। विजेता व मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एसएमडीसी अध्यक्ष ईश्वर शर्मा, प्राचार्य राकेश शर्मा, श्वेता विश्वकर्मा पार्षद एवं जोन 7 के अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि सुनील खण्डेलवाल, सांसद प्रतिनिधि कामता प्रसाद साहू उपस्थित रहे।





### प्रस्तुति से सजाया रंग-तरंग

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा कॉलेज में रंग-तरंग वार्षिक स्नेह सम्मेलन किया गया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं सेवानिवृत्त आईएफएस राकेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया। रंग-तरंग का शुभारंभ करते हुए न्यायमूर्ति श्री तिवारी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में असीम संभावनाएं हैं। मगर असंयमित व्यवहार और आचरण भी इनके प्रगति में बाधक है। वर्तमान समय में मर्यादा, आदर्श, संतोष, संयम, एकाग्रता और परिश्रम का पाठ पाठ्यक्रम में शामिल करना जरूरी है। प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी की मौजूदगी में विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुति ने दर्शकों को तीन घंटे तक बांधे रखा।

### शिव तांडव देखकर मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

सांस्कृतिक श्रृंखला में गणेश वंदना के बाद नवदुर्गा का नृत्य, कृष्ण सुदामा चरित्र नृत्य नाटिका ने सभागार में आनंद का माहौल निर्मित किया। छत्तीसगढ़ी नृत्य ने दर्शकों को अपने साथ झुमने के लिए मजबूर किया। इसके बाद शिव तांडव देखकर दर्शक भी मंत्रमुग्ध हुए। योग के साथ नृत्य के करतब ने सबको अचंभित किया। वार्षिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़, दक्षिण भारत, उत्तर भारत और अन्य प्रान्तों के लोक नृत्यों ने सभागार में एक लघु भारत का माहौल निर्मित किया। समारोह का संचालन करते हुए डॉ. निधि ने विद्यार्थियों को मंच से जोड़ने में सूत्रधार का दायित्व निभाते हुए दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों को बेहतर माहौल दिया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा मंचस्थ रहे।

**सिटी इवेंट**

## आयुर्वेद से कैंसर का प्रबंधन संभव विशेषज्ञों ने साझा किया अनुभव



**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में 23 जनवरी से जारी विशिष्ट व्याख्यान माला की श्रृंखला में बुधवार को आयुर्वेद द्वारा कैंसर प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञों का विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर से आए प्रोफेसर डॉ. शरद पोर्ते ने अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए। डॉ. पोर्ते ने दो विषयों पर अपनी बात रखते हुए पहले आयुर्वेद द्वारा कैंसर का निदान एवं प्रबंधन : नैदानिक अनुभव पर बात करते हुए बताया कि आयुर्वेद में भी कैंसर की रोकथाम के लिए कई जड़ी-बुटियों का उपयोग किया जाता है। इससे लोगों को कुछ हद तक रोक से लड़ने के लिए आतंरिक मजबूती मिलती है। उन्होंने कीमोथेरेपी से उत्पन्न विषाक्तता के प्रबंधन में आयुर्वेदिक प्रोटोकॉल की जानकारी विद्यार्थियों को दी।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर में प्रकाशित लेखों को पेश किया

अपने व्याख्यान में डॉ. पोर्ते ने आयुर्वेदिक सिद्धांतों के माध्यम से कैंसर जैसे रोग की पहचान, उपचार पद्धतियों तथा आधुनिक चिकित्सा में कीमोथेरेपी से होने वाले दुष्प्रभावों को कैसे कम किया जा सकता है तथा आयुर्वेद की उपयोगिता और आयुर्वेदिक पालियटिव केयर पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कैंसर रोगियों के केस रिकॉर्ड सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर में प्रकाशित लेखों को साझा किया। उनके अनुभव का लाभ लेने के लिए प्राध्यापक भी मौजूद थे। केस-स्टडी आधारित प्रस्तुति ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। उनकी संस्था राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा कैंसर पर संचालित प्रोटोकॉल को अब शासकीय आयुर्वेद कॉलेज रायपुर की पेलियटिव केयर (कारून्य) विभाग अनुसरण करते हुए रायपुर में भी लागू करेगी।

### प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को मिल रही जानकारी

*अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी. के. जोशी ने की। इस अवसर पर अगदतंत्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. एसआर इंचुलकर, प्रोफेसर डॉ. निखिल रंजन नायक, प्रोफेसर डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थी भी व्याख्यान का लाभ ले रहे हैं। यह व्याख्यान ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक ही नहीं, बल्कि नवाचार से भी जोड़ रहा है। इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आयुर्वेद में कैंसर प्रबंधन को लेकर नवीन अनुभव प्राप्त हो रहे हैं। अंत में विशिष्ट वक्ता को स्मृति-चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया।*

**ऑटो एक्सपो में 50 प्रतिशत छूट का कमाल, 8 दिनों में 18000 वाहनों को ग्राहकों ने अपना बनाया**

## नए मॉडल्स की एडवांस्ड फीचर्स वाली बाइक, कार का ग्राहकों में क्रेज

**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित श्रीराम पार्क में 15 दिवसीय ऑटो एक्सपो में दोपहिया व चारपहिया वाहन खरीदी की धूम मची है। अपने मनपसंद बाइक, कार, कमर्शियल वाहन खरीदने लोगों की हुजूम उमड़ रही है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने बताया कि पिछले 8 दिनों में बाइक व चारपहिया वाहन मिलाकर लगभग 18000 वाहनों की एक्सो के माध्यम से बिक्री हो चुकी हैं। ग्राहकों में वाहन खरीदने गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। ऐसे में ग्राहकों के उत्साह को बरकरार रखने के लिए लाइफटाइम टैक्स पर आरटीओ के तहत खरीदी पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इससे पूरे प्रदेशभर से ग्राहक ऑटो एक्सपो में रुचि दिखा रहे हैं। रायपुर ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा आयोजित एक्सपो 5 फरवरी तक चलेगा। ऑटो एक्सपो में प्रदेश के किसी भी जगह से आकर ग्राहक वाहन खरीदी कर आजीवन रोड टैक्स पर 50 फीसदी छूट का लाभ ले सकते हैं।





### एक्सपो में नए मॉडलों की लांचिंग कर रहा ट्रेंड

*एक्सपो में नई मॉडल्स की बाइक, कार, ई-रिक्शा, हैवी वाहनों की लांचिंग किया गया है, जो ग्राहकों के बीच काफी ट्रेंड कर रहा है। इन नए मॉडल्स वाहनों में नई टेक्नोलॉजी, लग्जरी फीचर, एक्सेसरीज फंक्शन, माइलेज जैसी सुविधाएं खासी पसंद किए जा रहे हैं। कार सेगमेंट में हो या फिर बाइक सेगमेंट, इनमें लगभग सभी टॉप ब्रांड कंपनीज के नए मॉडल्स की गाड़ियां ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। रायपुर ऑटोमोबाइल्स डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले साल एक महीने तक ऑटो एक्सपो का आयोजन हुआ था, जिसमें कुल 29 हजार वाहनों की बिक्री हुई थी। इस बार पिछले साल के मुकाबले केवल 8 दिनों में ही 18000 के करीब वाहनों की बिक्री यह बताता है कि ऑटो एक्सपो को लेकर ग्राहकों में कितना क्रेज है। जैसे- जैसे एक्सपो आगे बढता जा रहा है, वैसे-वैसे वाहनों का स्टॉक समाप्त होता जा रहा है।*

## श्री अय्यप्पा थिरू उत्सवम में छह दिनों तक उमड़ेगी आस्था

**रायपुर।** टाटीबंध स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में 29 जनवरी से 03 फरवरी तक भक्ति एवं आस्था का माहौल बनने वाला है। इस बार भी छह दिवसीय 'श्री अय्यप्पा थिरू उत्सवम' का आयोजन किया जा रहा है। श्री अय्यप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष गोपाल मेनोन ने बताया कि भक्तों को धर्म के शाश्वत सिद्धांतों, परंपरा एवं संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने और भगवान श्री अय्यप्पा की दिव्य उपस्थिति को समाहित करने यह विशाल धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसमें केरल से तंत्री ब्रम्हश्री एसएन प्रमोद, विष्णु नंबूथिरी एवं राजीव नंबूथिरी विशेष रूप से आ रहे हैं। जो मंदिर के मुख्य पुजारी मेलशांति उन्निकृष्णन नंबूथिरी के साथ पूजा-अर्चना एवं सभी धार्मिक अनुष्ठान करवाएंगे। थिरू उत्सवम के पहले दिन सुबह 4.45 बजे पल्लि उनार्थल, 5 बजे नाद थुरक्कल, निर्माल्य दर्शनम, अभिषेकम होगा।

### विविध सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे

*इसके बाद अष्टद्रव्य गणपति होमम, 6.30 बजे ऊषा पूजा, 7.30 बजे भागवत परायणम, बिम्ब शुद्धि कलश पूजा, कलशाभिषेकम, त्रिकाल पूजा, अष्टाभिषेकम, कलभाभिषेकम किया जाएगा। वहीं, शाम 5 बजे नाद थुरक्कल, 6.30 बजे दीपाराधना (आरती), उत्सव आचार्यवरणम, अंकुर पूजा, ध्वजारोहणम (कोडियेट्टम), पुष्पाभिषेकम पड़िपूजा के बाद 8.30 बजे हरिवरासनम, नाड़यडक्कल, 8.45 बजे अन्नप्रसादम जैसे धार्मिक विधान होंगे। इस तरह से 6 दिनों तक प्रतिदिन शाम के समय विविध सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे। सेवा संघम द्वारा सभी भक्तों से इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेने और भगवान अय्यप्पा की असीम कृपा, सुरक्षा एवं समृद्धि प्राप्त करने के लिए आयोजन का हिस्सा बनने के लिए आग्रह किया है।*

**राजधानी में अब गर्मी के लिए खास परिधान खरीदने में लोग ले रहे रुचि, फैशन के ट्रेंड में भी करने लगे बदलाव**

## कॉटन टी-शट्र्स और कुर्ता युवाओं की पहली पसंद, गर्मी के लिहाज से व्हाइट, स्काई ब्लू के साथ लाइट पिंक खास

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शहर के लोग अब गर्मी के लिहाज से कपड़ों की खरीदी करने लगे हैं। युवाओं ने भी अपने फैशन ट्रेंड में बड़ा बदलाव शुरू किया है। इससे आरामदायक और हल्के कपड़ों की पूछ-परख बढ़ने लगी है। युवा स्टाइल के साथ कम्फर्ट पर फोकस करने लगे हैं। लोगों की पसंद को लेकर आनंद साहू ने बताया कि गर्मी की दस्तक से पहले ही कॉटन टी-शट्र्स के साथ ही डिजाइनर्स सूती कुर्ता व पायजामा का चलन बढ़ने लगा है। हर वर्ग के लोग कॉटन के ढीले और आरामदायक कपड़ों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। गर्मी में पसीने से बचने के लिए कॉटन टी-शट्र्स और शट्र्स युवाओं की पहली पसंद बनने लगी हैं। वहीं, अशोक पाल ने बताया कि लीनन शट्र्स और पैंट्स को लेकर फॉर्मल और कैजुअल दोनों ही तरह का लुक पाने के लिए खरीदते हैं। लीनन फैब्रिक को युवा वर्ग ज्यादा पसंद कर रहा है।





### ओवरसाइज्ड टी-शट्र्स की युवाओं में पूछ-परख

*उन्होंने बताया कि पेस्टल और हल्के रंग की डिमांड गर्मी के दिनों में ज्यादा रही है। धूप को सोखने की बजाय रिफ्लेक्ट करने वाले हल्के रंगों में व्हाइट, स्काई ब्लू, लाइट पिंक की डिमांड है। ओवरसाइज्ड टी-शट्र्स को भी हर वर्ग के लोग पसंद कर रहे हैं, इसलिए कूल और आरामदायक लुक के लिए ओवरसाइज्ड टी-शट्र्स का ट्रेंड हैं। इसे हर अवसर पर पहना जा सकता है। इन कपड़ों की इन्हीं खूबियों के चलते युवाओं का रुझान भी नए ट्रेड के प्रति बढ़ा है। बजट में खास लुक पाने की चाहत रखने वाले युवाओं का लगाव भी बढ़ने लगा है।*

### फैब्रिक की क्वालिटी और 'ब्रेथेबिलिटी' की मांग

दुकान संचालकों ने बताया कि कुर्ता और पायजामा भी लोगों द्वारा खास पसंद किया जा रहा है। यह स्टाइलिश और आरामदायक होने के कारण लड़के और लड़कियों को भा रहा है। कॉटन कुर्तियां और कुर्ता-पायजामा को दोनों वर्ग के लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। युवा अब फैशन के साथ फैब्रिक की क्वालिटी और 'ब्रेथेबिलिटी' (हवादार) कपड़ों को सबसे ज्यादा अहमियत दे रहे हैं, ताकि गर्मी में भी कूल रहा जा सके। लोगों को गर्मी के लिहाज से आकर्षक लुक देने वाले कपड़ों की विशाल रेंज दुकान संचालकों द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है।

### हर खुशी के मौके पर अब मिलेगा खास लुक

शादी के खास मौके पर ही नहीं, बल्कि अन्य अवसर पर भी जिसे फैशन के रूप में पहना जा सके, ऐसे परिधान के प्रति युवाओं और युवतियों का रूझान बढ़ने लगा है। स्कूल-कॉलेज में होने वाले आयोजन में भी खुद को आकर्षक लुक देने के लिए भी युवाओं ने अब आकर्षक परिधान का चयन शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए शॉपिंग मॉल से लेकर शो-रूम में भी डिजाइनर्स कपड़ों की विशाल रेंज सजने लगी है। इसे युवा वर्ग हर खुशी के मौके पर खुद को खास लुक देने के लिए खरीदने में भी रुचि ले रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर हुए लोग, शान से फहराया तिरंगा

रायपुर। शहरवासी 77वां गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र भक्ति के रंग में सराबोर दिखे। नागरिकों ने नगर, सोसायटी, सार्वजनिक व निजी संस्थानों, भवनों में तिरंगा शान से फहराया। नागरिकों ने एक-दूसरे को मिठाइयां वितरण कर गणतंत्र दिवस की बधाई दी। शहर के बच्चे, बड़े व हर वर्ग गणतंत्र दिवस को लेकर उत्साह, खुशी और जश्न का रंग में सराबोर हुआ। देश के इस पावन पर्व पर जगह-जगह लोगों ने राष्ट्र प्रेम, एकता, भाईचारे और शांति, खुशहाली का संदेश एक दूसरे को दिया।



गायत्री शक्तिपीठ जनता कॉलोनी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ जोन के पूर्व समन्वयक दिलीप पाणिग्रही ने तिरंगा फहराया। समारोह में उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम के बाद भारत माता की जयकारे के साथ ही मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सदाशिव हथमल, ट्रस्टी दीनानाथ शर्मा, ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, ट्रस्टी शैलेश वर्मा, ट्रस्टी आदर्श वर्मा, नीलम सिन्हा, नरेंद्र कुमार आडिल, अजय साहू, तोरल साहू, संजय उपस्थित रहे।



महावीर विद्यालय गुढ़ियारी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय सिंह जडेजा एवं उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा, सचिव अरूण राठी, विद्यालय के पालक समिति के अध्यक्ष देवेश वर्मा, दीपक अग्रवाल, प्राचार्य तपन कुमार चौधरी उपस्थित रहे।



डीडीयू नगर मोहल्ला विकास सुरक्षा समिति ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष शंकर पांडे ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम का संचालन समिति के संरक्षक राधे गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकगण शामिल हुए। साथ ही समिति के संरक्षक द्वारा सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई।






शंकर नगर खम्हारडीह स्तिथ कल्याण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में स्कूल के डायरेक्टर राजेश सक्सेना, पाठशाला संस्था की सोनम श्रीवास्तव, इनरव्हील क्लब की प्रेसिडेंट वीना दानी, सेक्रेटरी आकांक्षा, प्राचार्य शीला गुजर उपस्थित रहे।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डगनिया परिसर के खेल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा मार्च-पास्ट परेड की सलामी ली। समारोह में पॉवर कंपनियों के प्रबंध निदेशकगण, एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला एवं भीम सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ. यादव ने सुरक्षा अमले का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। उनके साथ ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) एएम परियल तथा सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विंग कमांडर ए. श्रीनिवास राव भी शामिल रहे।





पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजय अग्रवाल, महाविद्यालय के निर्देशक डॉ. वीके अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि अग्रवाल समाज केंद्रीय इकाई के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत, समाजकार्य विभाग की प्राध्यापक रुक्मिणी अग्रवाल उपस्थित रहे।



प्रगति कॉलेज में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य द्वारा तिरंगा फहराया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण कॉलेज प्रांगण में आयोजित फन फेयर रहा। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।







सीएमएचओ कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने तिरंगा फहराया।




महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति जगदीश उपासने ने तिरंगा फहराया। मंच संचालन शिक्षिका आराधना लाल ने किया।



श्रीगुजराती ब्रह्म समाज ने 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। समाज के नागरिकों ने समारोह में तिरंगा फहरा कर राष्ट्र गान गायन किया और भारत माता की जयकारे लगाए। इस मौके पर समाज के लोग उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस पर वॉलफोर्ट एनक्लेव-2 में उपाध्यक्ष व समाजसेवी संतोष गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा फहराया, उपस्थितजनों ने राष्ट्रगान गाया।



सांई नगर जोरा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगरवासियों ने समारोह में तिरंगा फहरा कर राष्ट्र गान गायन किया और मिठाई वितरण कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




77 वें गणतंत्र दिवस पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने बस स्टैंड, ब्राम्हण पारा, बैरन बाजार, अर्पण दिव्यांग स्कूल में तिरंगा फहराया। उन्होंने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय में विश्वविद्यालय स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने तथा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलसचिव डॉ. कपिल देव दीपक ने तिरंगा फहराया और सलामी दी। इस अवसर पर उप कुलसचिव डॉ. श्रीकांत चितले, ओएसडी डॉ. यमन कुमार देवांगन, उप कुलसचिव डॉ. सीपी खरे सहित विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेल्थ टिप्स

### ट्राइबल गेम्स के लिए खेल अकादमी के 32 खिलाड़ी



**रायपुर।** राष्ट्रीय स्तर की खेलो इंडिया नेशनल गेम्स की मेजबानी छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुई है। आगामी फरवरी में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में कुश्ती, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक, तीरंदाजी, तैराकी की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कबड्डी एवं मलखम्ब को प्रदर्शनी खेल के रूप में सम्मिलित किया गया है। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 06 से 08 जनवरी को रायपुर एवं बिलासपुर में सम्पन्न हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राज्य दल के खिलाड़ियों की चयन सूची जारी हो चुकी है, जिसमें खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खेल अकादमी के खिलाड़ी भी राज्य दल के चयनित हुए है। फुटबॉल बालिका अकादमी रायपुर से किरण पिस्दा (बालोद), निधि लकड़ा (जशपुर), माड़वी पूजा (सुकमा), शारदा प्रधानी (सुकमा), राशि पोयाम (कोण्डागांव), हॉकी अकादमी रायपुर से मनीष वटी (बस्तर), एथलेटिक अकादमी रायपुर से सिद्धार्थ नागेश (जशपुर), बिरजु राम मंडावी (कोण्डागांव), किरण धुरव (बलौदाबाजार) एवं तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर से चांदनी मरकाम (धमतरी), खिलेश भद्रे (कोण्डागांव) इस प्रकार खेल अकादमी के 11 खिलाड़ी खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स के लिए चयनित हुए। आवासीय हॉकी अकादमी बिलासपुर से स्मिता कुजूर (जशपुर), दामिनी खुर्रो (कबीरधाम), रिया खलखो (जशपुर), मधु सिदार (जशपुर), एस्टिमा (जशपुर), शोभिता (कोण्डागांव), राहुल कुमार (गरियाबंद), अश्विन कुजूर (जशपुर), संदीप कुमार (राजनांदगांव), जितू हेमला (बीजापुर), विवेक बेक (जशपुर), निशांत तिर्की (जशपुर), सुमित मींज (जशपुर), प्रिंस भगत (जशपुर), अविनाश एक्का (जशपुर) और रोबित एक्का (जशपुर) शामिल हैं। इसी तरह आवासीय तीरंदाजी अकादमी बिलासपुर से अभिलाष राज (बिलासपुर), आकाश राज सोर्थे (बिलासपुर), देवेन्द्र कुमार (बिलासपुर) एवं एथलेटिक अकादमी बिलासपुर से गजेन्द्र ठाकुर (रायपुर) चयनित हुए हैं।

### प्रियांशु ने लगाई हैट्रिक और राज रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन एकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर 13 एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत रोमांचक मुकाबले हुए। टीम यंग स्टार क्रिकेट अकादमी अहिवारा के विरुद्ध क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने 10 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में यंग स्टार क्रिकेट अकादमी अहिवारा ने नौ विकेट पर 118 रन बनाए। जिसमें शौर्य ने 36 रन बनाए। अर्जुन अरोरा ने 18 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के प्रियांश यदु ने तीन विकेट( हैट्रिक) लिए। पीयूष ने दो विकेट और राजवीर सिंह ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी ने बिना कोई विकेट खोए 120 रन बनाए। राजवीर सिंह ने नॉट आउट 44 रन और अक्षत डोंगरे ने नॉट आउट 40 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच राजवीर सिंह को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 14 एवं 16 वर्ग के चयनकर्ता परमजीत सिंह के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाज प्रियांश यदु को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के अंडर 14 एवं 16 वर्ग के मुख्य कोच बिभाष सिन्हा के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर नुगेश्वर डहरिया एवं आलोक जांगड़े, स्कोरर पल्लवी एवं विनोद देवघरे थे। इस अवसर पर शांतनु घोष और पुहुप सिंह सहित खिलाड़ी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे।

### अंडर-19 में मुकाबले जारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के दूसरे दिन रोचक मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर की टीम पहली पारी 296 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने पहली पारी 66 रन बनाए। अगमजोत सिंह ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के धनंजय नायक ने 5 विकेट और सक्षम चौबे ने चार विकेट लिए। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम दूसरी पारी में 69 रन पर आउट हो गई। आदित्य श्रीवास्तव ने 28 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के मोहम्मद फैज खान ने 5 विकेट, सागर निषाद ने 3 विकेट और वेदांत जैन ने 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू ने दूसरी पारी एक विकेट पर 69 रन बनाए। तेजस्वी कलभोर ने नॉट आउट 53 रन और अथर्व तिवारी ने नॉट आउट 12 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के सक्षम चौबे एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू की टीम पहली पारी में 66 रन पर आउट हुई।

आपके आहार में संतुलित होनी चाहिए इसकी मात्रा


# आपके लिए पोटेशियम है जरूरी, शरीर की तंत्रिकाओं से लेकर हार्ट-बीट पर होता है इसका सीधा असर

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए आहार का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे भोजन में वो सारी चीजें होनी चाहिए जिससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति हो सके। आहार की पौष्टिकता में सुधार करके कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। शरीर के तमाम कार्यों के लिए पोटैशियम बहुत आवश्यक तत्व माना जाता है, क्या आपके आहार में इसकी मात्रा है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए पोटैशियम एक अति आवश्यक पोषक तत्व है। ये तंत्रिकाओं को स्वस्थ रखने से लेकर हार्ट-बीट ठीक रखने, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, मांसपेशियों में लचीलेपन को बनाए रखने में सहायक है। इसकी शरीर में कमी हो जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।



### पोटैशियम कई प्रकार से शरीर के लिए जरूरी

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, पोटैशियम शरीर के लिए महत्वपूर्ण खनिजों में से एक है। यह शरीर में तरल पदार्थ को नियंत्रित करने, तंत्रिका संकेत भेजने और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करने में मदद करता है। शरीर में लगभग 98% पोटैशियम आपकी कोशिकाओं में पाया जाता है।



ये खनिज, तंत्रिका तंत्र के कार्यों के लिए बहुत जरूरी है। तंत्रिका तंत्र ही आपके मस्तिष्क और शरीर के बीच संदेश भेजते हैं। रक्त में पोटैशियम के स्तर में कमी से शरीर की तंत्रिका आवेग उत्पन्न करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

### हार्ट की समस्या और आर्थराइटिस से बचाव

पोटैशियम आपके हार्ट को ठीक से काम करते रखने के लिए भी आवश्यक तत्व है। हाई ब्लड प्रेशर को हार्ट के लिए सबसे समस्याकारक माना जाता है। पोटैशियम युक्त आहार, शरीर से अतिरिक्त सोडियम को निकालने में मदद करके रक्तचाप को कम करने में सहायक है। पोटैशियम की कमी से शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ने का खतरा हो सकता है।इसके साथ पोटैशियम को ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि पोटेशियम युक्त आहार मूत्र के माध्यम से अतिरिक्त कैल्शियम को बाहर निकलने से रोकने में सहायक है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिमों को कम कर सकते हैं।

### कितनी मात्रा में पोटैशियम जरूरी?

डाइटिशियन बताते हैं, शरीर के लिए 3,400mg पोटैशियम की मात्रा पर्याप्त हो सकती है। आहार के माध्यम से आसानी से इसकी पूर्ति कर सकते हैं। पशुओं और प्लांट बेस्ड दोनों प्रकार के आहार में पोटैशियम होता है। पौष्टिक चीजों की मात्रा बढ़ाकर शरीर के लिए दैनिक पोटैशियम आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों में ये अधिक मात्रा में पाया जाता है?

### किन चीजों का करें सेवन?

आहार की कई चीजें पोटैशियम से भरपूर होती हैं। सूखे फल (किशमिश, खुबानी) सेम, दाल, आलू, पालक, ब्रोकली और एवोकाडो के सेवन से शरीर के लिए आसानी से पोटैशियम की पूर्ति की जा सकती है। डेयरी उत्पाद और हरी पत्तेदार सब्जियों के सेवन से आसानी से ये पोषक तत्व प्राप्त हो सकता है।



# शिवलिंग पर चढ़े हुए बेलपत्र को दोबारा चढ़ाने से पहले जान लीजिए नियमों को



बेलपत्र जिसके बिना शिव पूजा अधूरी मानी गई है। हर जगह बेलपत्र आसानी से नहीं मिल पाता है, खासकर शहरों में, बहुत से लोग बेलपत्र मिलने पर इकट्ठा कर उसे फ्रिज में लंबे समय से स्टोर करते हैं। ऐसे भी बहुत लोग हैं, जिन्हें बेलपत्र नहीं मिले वो क्या करें?

आचार्य शिवम पाठक ने बताया कि शिवपुराण के अनुसार बेलपत्र के तीनों पत्तों में ब्रह्मा, विष्णु और शिव इन त्रिदेव का वास होता है और बेलपत्र का कण-कण पवित्र पते में से एक है। इसलिए इस दिव्य और दैवीय पत्र को भगवान शिव में एक या दो नहीं बल्कि हजार बार भी चढ़ाकर फिर से चढ़ाया जा सकता है।

### चढ़े हुए बेलपत्र को कैसे चढ़ाएं?

शिवलिंग पर चढ़े हुए बेलपत्र को यदि दोबारा चढ़ाना चाह रहे हैं, तो उसे शिवलिंगसे सम्मानपूर्वक उतारकर शुद्ध पानी में धो लें और उसके तीनों पत्तों में चंदन कुमकुम का टीका लगाएं। आप चाहें, तो सीताराम भी लिख सकते हैं और प्रेमपुर्वक शिवलिंग में बेलपत्र को चढ़ाएं।

शिवलिंग पर कितना बेलपत्र चढ़ाना चाहिए?

शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने की विधि के अलावा लोगों के मन में यह भी सवाल आता है कि आखिर कितनी बेलपत्रशिवजी को चढ़ाना चाहिए। बता दें कि आपके पास जितना भी बेलपत्र हो उतना चढ़ा सकते हैं, लेकिन एक, तीन, पांच, सात और ग्यारह के क्रम में बेलपत्र चढ़ाते हैं, तो ज्यादा अच्छा है।

### बेलपत्र कब तक बासी नहीं होता?

बेलपत्र वो शुद्ध और पवित्र पत्ता है, जो कभी मलीन और बासी नहीं होता है। शिवपुराण के अनुसार जब तक बेलपत्र हरा भरा है और कहीं से कटा-फटा नहीं है, तब तक वह शिव जी को चढ़ाने लायक है। बेलपत्र को शिवजी में चढ़ाने के बाद शाम के वक्त उतार लें और साफ पानी से धोकर उसे फ्रिज में पॉलीथिन में रखकर स्टोर करें और दूसरे दिन गंगा जल छिड़ककर या पानी से धोकर चंदन कुमकुम लगाकर शिव जी को अर्पित करें।



# थर्ड ऑल इंडिया पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ की टीम

**भिलाई।** उत्तराखंड पेंचाक सिलाट संघ एवं भारतीय पेंचाक सिलाट महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में उत्तराखंड के देहरादून में स्थित मल्टीपरपज इंदौर स्टेडियम परेड ग्राउंड में थर्ड ऑल इंडिया पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन 29 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 15 महिला एवं 5 पुरुष खिलाड़ी, 2 कोच मैनेजर एवं दो राष्ट्रीय रेफरी सहित कुल 24 सदस्यों का दल उत्कल एक्सप्रेस से दल प्रबंधक शेख समीर के नेतृत्व में रवाना हुआ। महिला खिलाड़ियों में के.ज्योति, बी.एल्बिनी राव,रूमाना खान,ग्रेसी नायर, शाक्षी सिंह,यस्यास्वी सिंह, प्राची यादव,कंचन यादव, तपस्या जमलुकर,अल्फिशा शेख,डिंपल देशमुख,मेघा माहेश्वरी,ऋषिका साहू,तन्नू निषाद, पुरुष खिलाड़ी वर्ग में मनीष निषाद, अमन यादव, भारत कश्यप, इरफान अहमद, आयुष तुरकर, कोच शेख अरबाज अली, मैनेजर गोपाल यादव और नेशनल रेफरी ममता पाण्डेय आदि शामिल है। ए.एक्का सहायक संचालक खेल एवं कल्याण विभाग, सुशील अमलेश जिला क्रीड़ा अधिकारी बिलासपुर, पेंचाक सिलाट संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष बाग,छत्तीसगढ़ हाकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़.एथलेटिक संघ के महासचिव अमरनाथ सिंह, वरिष्ठ पीटीआई सुशील मिश्रा, पैरालंपिक तैराकी संघ के महासचिव सूरज यादव, बेसबॉल संघ के सह सचिव अख्तर खान,पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त सचिव एम.रत्नाकर ने खिलाडियों को सुभकामनाये दी है।



# हर महीने आते ही उड़ जाती है सैलरी तो इन उपायों से कीजिए जरूरी बचत

आज के इस महंगाई के दौर में खर्च मैनेज कर पैसों की बचत करना काफी मुश्किल टास्क है। हमारे हर महीने की कमाई से ज्यादा तो पैसे खर्च हो जाते हैं। कई बार खर्च का लेवल इतना बढ़ जाता है कि सैलरी आते ही कुछ ही दिनों में सारे पैसे खत्म हो जाते हैं। यही नहीं कभी-कभी तो हमें दूसरों से कर्ज लेने की भी जरुरत पड़ जाती है। ऐसे में जरुरी है कि आप अपने फिजूलखर्ची हैबिट्र को कंट्रोल करें और बचत को अहमियत दें। आर्थिक मामलों के जानकार सूरज सिंह गुर्जर बता रहे हैं मनी सेविंग और एक्स्ट्रा एक्पेंस को रोकने का सही तरीका।

### महीने की शुरुआत में बनाएं बजट



महीने की शुरुआत में बजट तैयार करने की आदत बनाएं। इससे आपको अधिक बचत करने में मदद मिलेगी और आप ज्यादा से ज्यादा सेविंग भी कर पाएंगे।

### 10-20% करें मार्केट में निवेश

एक्सपर्ट सूरज सिंह गुर्जर के अनुसार, पैसों की बचत करने का सबसे सही तरीका है मार्केट में निवेश करना। अगर आप अपनी सैलरी का 10-20% कहीं इंवेस्ट करते हैं तो ये पैसे आपको आगे काम ही आएंगे और फिजूलखर्ची हैबिट से भी छुटकारा मिलेगा।

### म्यूचुअल फंड शुरू करें

म्यूचुअल फंड शुरू कर भी आप अपने एक्स्ट्रा एक्सपेंस को कम कर सकते हैं। यहां हर महीने अपने आप खाते से पैसे कट हो जाएंगे। इससे लंबे समय तक पैसे सेव रहेंगे और खर्च में भी सुधार आएगा।


### शॉपिंग पर करें कंट्रोल

आज कल ऑनलाइन सुविधा हो जाने से हम कभी कुछ भी ऑर्डर कर लेते हैं। लेकिन, इससे बचने की जरुरत है। कोशिश करें कि जो काम की चीज हो, उसी की खरीदारी(वर्क फ्रॉम होम जॉब टिप्स) करें। इस हैबिट से पैसों की बचत करने में मदद मिलेगी।

### शेयर बाजार की तकनीक सीखें

फालतू इधर-उधर खर्च करने से अच्छा है कि आप अपना पैसा और समय शेयर मार्केट को सीखने में लगाएं। इसे सीखकर आप इंवेस्टमेंट के बाद अच्छी रकम हासिल कर सकते हैं। इससे बेमतलब की चीजों पर खर्च करने से बच सकते हैं और आपको कर्ज लेने की भी जरुरत नहीं पड़ेगी।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ट्विलाइट' फेम स्टीवर्ट ने उठाए सवाल और फिल्म इंडस्ट्री की खोली पोल

बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। वैरायटी के अनुसार, हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकता है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों द्वारा फैलाई गई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में महिलाओं की स्थिति पर अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा सेट पर एक्टिंग शुरू होने से पहले एक आम बात होती है। अगर अभिनेता अपनी कमजोरी को छिपाकर, कैमरे के सामने रोने से पहले सीना पीटते हुए एक गोरिल्ला की तरह व्यवहार कर सकते हैं, तो यह थोड़ा कम शर्मनाक लगता है।



### टॉलीवुड

## विजय की वीडी 14 का टाइटल आया सामने, 'रणबाली' में दिखेंगीं रश्मिका

विजय देवरकोंडा की पैन-इंडिया फिल्म वीडी 14 का टाइटल जाहिर हो गया है। इसका नाम 'रणबाली' है। इस फिल्म में विजय के साथ रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। इसकी खास झलक देखकर विजय और रश्मिका के फैंस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह फिल्म 19वीं सदी के भारत पर आधारित है और असली ऐतिहासिक घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म में मुख्य भूमिका में विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना हैं। मेकर्स ने इस फिल्म से विजय की एक खास झलक भी शेयर की है। इसकी झलक में साफ तौर पर ब्रिटिश राज के समय भारत पर हुए अत्याचार, सूखा पैदा करने वाली नीतियां और बड़े पैमाने पर शोषण दिखाया गया है। यह फिल्म ब्रिटिश काल की क्रूरता और एक हीरो की कहानी को दिखाएगी। 'रणबाली' पैन-इंडिया फिल्म है, जो बहुत बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म के निर्देशक राहुल सांकृत्यायन हैं, जो पहले विजय के साथ 'टैक्सीवाला' में काम कर चुके हैं। यह विजय और माइथ्री मूवी मेकर्स की तीसरी फिल्म है (इससे पहले दोनों ने 'डियर कॉमरेड' और 'खुशी' में साथ काम किया था)। फिल्म का संगीत प्रसिद्ध जोड़ी अजय-अतुल ने दिया है। खलनायक के रोल में आर्नोल्ड वॉसलू (सर थियोडोर हेक्टर के किरदार में) नजर आएंगे। यह फिल्म 11 सितंबर 2026 को दुनिया भर में रिलीज होगी। इस फिल्म से पहले विजय और रश्मिका की जोड़ी 'गीता गोविंदम' और 'डियर कॉमरेड' के बाद फिर से एक साथ दिखेगी, जिससे फैंस बहुत उत्साहित हैं। यूट्यूब पर 'रणबाली' की इस झलक को 1 घंटे के अंदर 2 लाख से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। वहीं यूजर्स भी विजय और रश्मिका की इस फिल्म को लेकर कई कमेंट्स कर रहे हैं। खाततौर पर यूजर्स रश्मिका और विजय की जोड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं। एक यूजर ने लिखा, 'विजय देवरकोंडा सर, मैं आपका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।



### भोजपुरी

## पैर छूने वाली बात पर खेसारी ने रवि किशन को कहा- मेरे बाप मत बनिए

भोजपुरी स्टार्स पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के बीच तनातनी रहती है। पर रवि किशन भी बीते दिनों बहती गंगा में हाथ धोते दिखे, उन्होंने भी खेसारी पर निशाना साधा था। अब खेसारी ने बिना नाम लिए रवि किशन और पवन सिंह दोनों को करारा जवाब दिया है। उनका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बीते दिनों गोरखपुर महोत्सव में रवि किशन और पवन सिंह स्टेज पर एकसाथ दिखे थे। रवि किशन ने पवन की तारीफ करते हुए खेसारी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि पवन सिंह छोटा भाई है। इंडस्ट्री में चाहे कुछ भी बदल जाए, लेकिन पवन के लिए उनका प्यार कभी नहीं बदलेगा। कुछ लोग समय के साथ रंग बदलते हैं, लेकिन पवन जैसा था, वैसा ही है। इसके बाद रवि किशन ने भोजपुरी भाषा में कहा, 'पहले दोनों हाथे गोड़, फिर ठेहुना, फिर दुआ सलाम... बस ई पवन सिंह ना बदलने। इनका खातिर ढाल बनकर खड़ा रहब।' उन्होंने बिना नाम लिए खेसारी पर तंज कसते हुए कहा था कि जरा सी फिल्म चल जाए, गाना चल जाए तो टेढ़ा चलने लगा। पहले दोनों पैर छूता था। फिर घुटना छूने लगा। इसके आगे का नहीं बोलेंगे।

अब खेसारी ने भी अपने एक प्रोग्राम में करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा, 'देखिए, हमारे यहां एक बहुत बड़े आर्टिस्ट हैं, बड़े भाई हैं, जिनका नाम रवि किशन जी है। एक शब्द बताऊं मैं आप सभी को? हमें घेरने की, हमें बदनाम करने की हर रोज तैयारी होती है, महफिल तुम्हारी होती है, लेकिन चर्चा हमारी होती है।



## इलेक्ट्रिक ब्लूज

फैशन मैगजीन पैंटोन ने भले ही साल का रंग क्लाउड डांसर बताया हो, लेकिन रनवे 2026 में एक ज़्यादा बोल्ड रंग के हावी होने का संकेत दे रहे हैं। इसमें भी इलेक्ट्रिक ब्लूज़ को तरजीह दी जा रही है। यह बोल्ड रंग, जो सबसे ज़्यादा '60 के दशक के कलाकार यवेस क्लेन से जुड़ा है, फैशन की दुनिया के लिए नया नहीं है। लेकिन अब यह वापस आया है ज़ोरदार तरीके से। इलेक्ट्रिक ब्लू नए दौर में तेजी से ट्रेंडिंग कर रहा है। फैशन शो में इसकी डिमांड बढ़ी है।





लाइफ स्टाइल

## काजल लगाते समय न करें ये गलतियां, जानें तरीका



मेकअप करने की सही तकनीक को समझकर ही आपको किसी भी तरह का लुक चेहरे पर क्रिएट करना चाहिए। वहीं किसी भी मेकअप लुक को ट्राई करने से पहले आप 2 से 3 बार प्रैक्टिस जरूर कर लें। आंखों में काजल लगाने का भी एक तरीका होता है और कई बार हम इन बातों को नजरअंदाज कर देते हैं और इसी कारण अपनी आंखों पर लगे काजल को बिगाड़ लेते हैं।

किसी भी तरह का मेकअप करने से पहले आपको आंखों की शेप और साइज को समझना बेहद जरूरी होता है। हर व्यक्ति की आंखें अलग तरह की होती हैं। बता दें कि बड़ी आंखों पर आप ब्रॉड ब्लैक काजल लगा सकती हैं, लेकिन अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो आप आंखों की वाटर लाइन में व्हाइट कलर के काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। छोटी आंखें हैं तो आप व्हाइट काजल का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें अन्यथा आपकी आंखें और भी ज्यादा छोटी नजर आने लग जाएंगी। आंखों पर ब्रॉड और गहरा काजल खूबसूरत नजर आता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि हर तरह की आंखों पर इस तरह का गहरा काजल सूट करें। वहीं गहरे काजल को लगाने के चक्कर में हम एक के ऊपर एक काजल की लेयर लगाते रहते हैं। बता दें कि ये न केवल आपकी आंखों के लुक को बिगाड़ देगा बल्कि ज्यादा मात्रा में प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से आपकी आंखों में न जाने कितने ही तरह के आई इन्फेक्शन हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमारी आंखें बेहद नाजुक होती हैं और इनका ध्यान रखा जाना भी बेहद जरूरी होता है।

आजकल काजल के आपको न जाने कितने ही अलग-अलग वैरायटी के शेड मिल जाएंगे। वहीं हम इन शेड को केवल तस्वीरों में देखकर मंगवा लेते हैं, लेकिन ऐसा बिल्कुल भी जरूरी नहीं है कि चुना गया काजल का शेड आपकी आंखों पर खूबसूरत नजर आए। ऐसा इसलिए क्योंकि हर स्किन का टेक्सचर और टोन अलग होता है, जिसके कारण हर स्किन के लिए आपको काजल चुनते समय स्किन के कलर का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि आपके चेहरे पर काजल का शेड आकर्षक नजर आए।

## सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को करें स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत



सिल्क साड़ी पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि साड़ी के साथ कुछ नए तरीके के डिजाइन के ब्लाउज ही अच्छे लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हम भी कुछ नया ट्राई कर पाते हैं। ऐसे में आप इस बार सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को ट्राई करें। इससे सिल्क साड़ी ट्रेडिशनल के साथ-साथ स्टाइलिश भी लगेगी। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं।





### स्टाइलिश डोरी ब्लाउज डिजाइन

इस तरह के ब्लाउज से आप अपने सिल्क साड़ी लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आप स्टाइलिश डोरी वाले ब्लाउज को डिजाइन करवाएं। आप इसके लिए स्पाइरल डिजाइन वाली डोरी के ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं वरना आप सिंपल डोरी के साथ हाई नेक डिजाइन के ब्लाउज में क्रिएट कर सकती हैं। यह भी काफी अच्छा लगता है। इस तरीके के ब्लाउज को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए बो डिजाइन बनाएं। इस तरीके से आपका ब्लाउज सुंदर नजर आएगा।

### डबल डोरी ब्लाउज डिजाइन

अगर आपको कुछ अलग हटके ट्राई करना है तो इसके लिए आप डबल स्ट्रैपी वाले ब्लाउज को स्टाइल कर (ब्लाउज डिजाइन) सकती हैं। इसमें एक ऊपक की तरह डोरी लगाई जाएगी। फिर नीचे की तरफ डोरी को लगाया जाएगा। इसके बाद ही यह ब्लाउज अच्छा लगेगा। इसमें आप चाहे तो पीछे बैकलेस डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इससे ये ब्लाउज और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा। सिल्क साड़ी के साथ अच्छा भी लगेगा।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

हैवी सिल्क साड़ी अगर आप वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप स्टाइलिश ब्रालेट ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। आपके लुक (लेटेस्ट ब्लाउज डिजाइन) को खास बनाने के लिए ये बेस्ट है।

## कुर्ती को इन तरीकों से करेंगी स्टाइल तो ठंड में भी दिखेंगी बेहद स्टाइलिश

कुर्ती पहनना हम सभी को पसंद होता है और इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन स्टोर्स तक में आसानी से नजर आ जाएंगे। इन्हें स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन ज्यादातर इन कुर्तियों को गर्मी के मौसम में पहना जाता है। सर्दी के मौसम में कुर्ती को स्टाइल करने के लिए और ठंड से भी बचने के लिए आप कुर्ती को अन्य कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। कुर्ती को स्टाइल करने का आसान तरीका आपको जानना चाहिए, जिससे सर्दी के मौसम में आपका लुक सबसे आकर्षक नजर आए।



### ठंड के साथ कुर्ती को स्टाइल करने का तरीका

चिकनकारी से लेकर प्लेन कुर्ती को आप ओवरकोट या लेदर जैकेट के साथ पहन सकती हैं। देखने में इस तरह की स्टाइलिंग आपको पॉवर लुक देने में मदद करेगा। आप चाहे तो इस तरह के लुक मोटे फैब्रिक वाली डेनिम जैकेट को भी पहन सकती हैं। वहीं अगर आप कोट या जैकेट को नहीं पहनना चाहती हैं तो कुर्ती के अंदर हाई नेक टॉप भी पहन सकती हैं ताकि ठंड में आप स्टाइलिश नजर आए।

### लॉन्ग जैकेट के साथ कैसे करें स्टाइल?

कुर्ती के साथ चाहे तो कलर कॉम्बिनेशन और लुक को ध्यान में रखकर आप कस्टमाइज जैकेट भी सिल्वा सकते हैं। इसके आलावा आप चाहे तो डबल स्टाइल कुर्ती को पहन सकती हैं। इस तरह की जैकेट बनवाने के लिए आप वूलेन में काफी तरह के फैब्रिक का चुनाव कर सकती हैं। अगर आप नई कुर्ती खरीदने या सिलवाने का सोच रही हैं इसके लिए फैब्रिक का खासतौर से ख्याल रखें।

## कोरियन हेयरस्टाइल से ट्रेंडी लगेगा लुक

अगर आप शादी या पार्टी में जाने के लिए स्टाइलिश हेयरस्टाइल तलाश रहे हैं, तो कोरियन ट्रेंड को फॉलो कर सकती हैं। जी हां, हम आपके साथ कुछ आइडियाज शेयर कर रहे हैं, जिन्हें फंक्शन में ट्राई किया जा सकता है।

अगर आप भी कोरियन ड्रामा देखने के शौकीन हैं, तो यकीनन कोरियन एक्ट्रेस के ड्रेसिंग सेंस और हेयर स्टाइल से जरूर इंस्पायर्ड होंगे। तो क्यों ना अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए कोरियन हेयरस्टाइल फॉलो किया जाए? जी हां, आपने सही सुना कोरियन हेयरस्टाइल, जिन्हें बनाना भी आसान है और इसे बनाने में बहुत कम मेहनत और समय भी लगता है।

अगर आप यह खुद के लिए न कर सके, तो अपने घर की दूसरी महिलाओं के बालों में तो आसानी से बना सकती हैं। इस तरह आपका पार्लर जानें का खर्चा भी बच जाएगा और आपका काम भी हो जाएगा।

### रिबन हेयरस्टाइल

बन हेयरस्टाइल बहुत ही कॉमन और पारंपरिक हेयर स्टाइल है। इसका ट्रेंड न सिर्फ भारत में बल्कि कोरिया में भी फेमस है, जिसे रिबन लगाकर बनाया जाता है। इसमें बालों को पिंच करके एक जूड़ा बनाया जाता है और उसके साथ सुंदर पैटर्न में, एक खूबसूरत रंग के रिबन से जुड़े को सजाया जाता है। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आपको ये टिप्स अपनाने होंगे।



### कैसे बनाएं?

लो बन बनाने के लिए सबसे पहले आपको बालों की ऑफ सेंटर पार्टिंग करनी होगी। आप पार्टिंग अपने फेस के हिसाब से पार्टिंग कर सकते हैं। आप बीच या फिर साइड की पार्टिंग कर सकती हैं। बेहतर होगा कि आप अपने बालों को स्ट्रेट भी कर सकती हैं। अब अपने बालों को स्ट्रेट करें और पीछे की तरफ ले जाएं। फिर बालों को रोल करें और स्कैल्प के सेंटर में जाकर पिंस से टक कर लें।

कार्नर न्यूज

### बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना आसान काम नहीं

## यंग दिखने के लिए पुरुष अक्सर करते हैं ये फैशन मिस्टेक्स, खुद गलती करने से बचिए

बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना पुरुषों के लिए चैलेंजिंग होते जाता है। अपनी उम्र को कम दिखाने के लिए पुरुष जवां दिनों के स्टाइल को ही फॉलो करने लगते हैं, जिसकी वजह से उनकी स्टाइल बिगड़ने लगती है।

वे उसी कलर और स्टाइल की ड्रेस पहनने लगते हैं। इसी चक्कर में वे फैशन मिस्टेक्स कर देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि हमें कैसे स्नीकर्स/जूते,जींस या पैंट,टी-शर्ट या शर्ट आदि में से क्या पहनना सही होगा?

यदि आप खुद को इस तरह की गलतियों से बचकर स्टाइल को मेंटेन रखना चाहते हैं तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स को फॉलो करें।

परफेक्ट जींस चुनने में गलती

अपने लिए परफेक्ट जींस चुनना यंग एज के लिए मुश्किल काम नहीं है क्योंकि रिप्ड से लेकर ओवरसाइज स्टाइल की जींस पहन सकते हैं। मगर जब उम्र ढलने लगे तब किसी भी प्रकार की स्टाइल की जींस नहीं पहन सकते हैं। कई बार अधिक उम्र वाले पुरुष बहुत अधिक लूज जींस पहनने लगते हैं। जबकि यह गलत सिलेक्शन है।



### कैसी जींस पहनें?

जिन पुरुषों की उम्र अधिक हो उनको ओवरसाइज जींस नहीं पहननी चाहिए। ये उनकी पर्सनैलिटी को बिगाड़ती है। उन्हें लूज फिट जींस पहननी चाहिए। साथ ही रिप्ड जींस भी पहनने से बचना चाहिए।

### शर्ट्स चुनने में गलती

ऐसे पुरुषों पर हर स्टाइल की शर्ट्स फिट नहीं बैठती हैं। आपको इस बात को समझने की जरूरत है। खासकर फ्लोरल या डिजाइनदार शर्ट्स को पहनने से बचना चाहिए। फ्लोरल प्रिंट जवां पुरुष के लुक को ही निखारने का काम करता है। लेकिन किसी अधिक उम्र वाले पुरुष के लुक को बिगाड़ने का काम करती है।

### कैसी शर्ट पहनें?

अगर आपकी उम्र अधिक है और शर्ट चुनने में परेशानी हो रही है तो यहां एक बात समझ लें। फ्लोरल शर्ट को पहनने से बचें। उसकी सॉलिड शर्ट्स या डेनिम शर्ट्स पहन सकते हैं। इससे पर्सनैलिटी निखरी हुई दिखाई देगी।

### जूते चुनने में गलती

एक स्टाइलिश मैन को बढ़ती उम्र के साथ जूते चुनने में भी काफी दिक्कत होती है। वे स्नीकर्स और कैनवास शूज के साथ दोस्ती तोड़ नहीं पाते हैं। इसी वजह से फंकी स्नीकर्स पहने दिखाई देते हैं। ये भले ही आरामदेह हो लेकिन उम्र के हिसाब से स्टाइल सही नहीं है।

### कैसे जूते पहनें?

लेदर शूज ऐसी उम्र में बहुत सही लगते हैं। खासकर लेदर के लोफर्स या स्लीपर्स पहनें। इससे स्टाइल बरकरार रहेगी। लेकिन फंकी शूज को खुद के पैरों से दूर कर दें ताकि आपकी स्टाइलिश जिंदगी चलती रहे।

### मोजे पहनने की गलती

मोजे पहनने की गलती जवानी के दिनों से ही अधिकतर पुरुष करते आ रहे हैं। जूतों के हिसाब से सही मोजे चुनने चाहिए। इसके लिए आपको सॉक्स सिलेक्शन करना आना चाहिए। मगर बढ़ती उम्र में रंग-बिरंगे मोजे न पहनें।

